# मृदुभाषी

सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com इंदौर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024 नगर संस्करण, वर्षः 04, अंकः 245, पृष्ठ : 08, मूल्यः 5.00 रुपए


## लोकसभा चुनाव-2024: त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 77.93% वोटिंग, महाराष्ट्र, बिहार और उत्तरप्रदेश मे सबसे कम 53% मतदान

# दूसरा चरण भी गुजरा कम वोटिंग के साथ

- 88 सीटों पर 60.96% मतदान, पिछली बार से नौ फीसदी कम
- दूसरा चरण खत्म होते ही 14 राज्यों में वोटिंग पूरी

**नई दिल्ली/भोपाल।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को खत्म हो गया। दूसरे दौर में मणिपुर समेत 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग हुई। इन सीटों पर कुल 1202 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। मणिपुर की बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है, जबकि अन्य 13 विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण में मतदान हुआ है। जिन 88 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग हुई है उनमें शाम 7 बजे तक के आंकड़े के अनुसार, त्रिपुरा पूर्व सीट पर सबसे ज्यादा 78.53% फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। वहीं, सबसे कम 45.94% वोटिंग मध्यप्रदेश की रीवा पर सीट पर हुई है। हालांकि, चुनाव आयोग ने अंतिम आंकड़े नहीं जारी किए हैं।

जिन 88 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग हुई है उन सीटों पर 2019 में कुल 70.09 फीसदी वोट पड़े थे। सबसे ज्यादा 84.14 फीसदी मतदान मणिपुर की बाहरी मणिपुर सीट पर हुआ था। वहीं, सबसे कम 53.70 फीसदी मतदान कर्नाटक की बैंगलोर दक्षिण सीट पर दर्ज किया गया था। जिन राज्यों में वोटिंग हुई है उनमें पिछले चुनाव में मणिपुर, असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में 80 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े थे। वहीं, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश ऐसे राज्य थे जहां 65 फीसदी से कम वोटिंग हुई थी।

दूसरे चरण में जिन राज्यों में मतदान हुआ, उनमें असम में 5 सीटों पर वोटिंग हुई। बिहार में 5 सीटों पर मतदान हुआ। वहीं छत्तीसगढ़ (03), जम्मू एवं कश्मीर (01), कर्नाटक (14), केरल (20), मध्यप्रदेश (06), महाराष्ट्र (08), राजस्थान (13), त्रिपुरा (01), उत्तर प्रदेश (08) और पश्चिम बंगाल में 03 सीटों पर वोटिंग हुई है।



### इन राज्यों में इतना मतदान

| राज्य | 2019 में वोटिंग | 2024 में वोटिंग |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 62.18% | 53.34% |
| बिहार | 62.93% | 54.40% |
| मप्र | 67.67% | 55.49% |
| राजस्थान | 68.42% | 60.70% |
| छत्तीसगढ़ | 75.12 % | 72.51% |
| जम्मू कश्मीर | 72.50% | 67.62% |
| कर्नाटक | 68.96 % | 64.57% |
| केरल | 77.84% | 65.12% |
| महाराष्ट्र | 62.81% | 53.76% |
| मणिपुर | 84.14% | 77.18% |
| असम | 81.28% | 70.68% |
| त्रिपुरा | 82.90% | 78.20% |
| प. बंगाल | 80.66% | 71.84% |



### मप्र की 6 सीटों पर 58.35% मतदान

दूसरे चरण में मध्यप्रदेश की 6 लोकसभा सीटों सतना, रीवा, दमोह, खजुराहो, टीकमगढ़ और होशंगाबाद पर वोटिंग हुई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि शाम 6 बजे तक प्रदेश के 6 लोकसभा सीट पर 58.35 प्रतिशत वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा होशंगाबाद सीट पर 67.16 फीसदी और सबसे कम रीवा सीट पर 48.67 फीसदी मतदान हुआ है। पिछले चुनाव में इन 6 सीटों पर 67.6फीसदी मतदान हुआ था। इस लिहाज से अभी जो आंकड़ा सामने आया है, वो पिछले चुनाव की तुलना में कम है। हालांकि जब चुनाव आयोग फाइनल नंबर जारी करेगा, उसमें मतदान का आंकड़ा बढ़ सकता है।

### छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में ज्यादा वोटिंग

दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ की 3 सीटों के लिए मतदान हुआ। इसके साथ ही राज्य की 11 में से 4 सीटों पर वोटिंग की प्रक्रिया पूरी हो गई । बाकी बची 7 सीटों पर तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। दूसरे चरण में शामिल कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद का कुछ हिस्सा नक्सल प्रभावित है, लेकिन तीनों ही सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान हो गया। चुनाव आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार शाम 6 बजे तक तीनों सीटों पर औसत 72.51 प्रतिशत वोटिंग हुई है। आयोग के अफसरों के अनुसार यह आंकड़ा तीनों सीटों के कई बूथ दुरस्थ क्षेत्रों में थे, ऐसे में वहां से मतदान दलों के लौटने के बाद आंकड़ा बढ़ेगा। तीनों संसदीय क्षेत्रों के नक्सल प्रभावित इलाकों में अधिक मतदान होने की खबर है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शामिल विधानसभा सीटों में 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई है।

**लिखी गई इन हस्तियों की किस्मत:** दूसरे चरण के मतदान में कई दिग्गजों की राजनीतिक किस्मत दांव ईवीएम में कैद हुई। इनमें राहुल गांधी (कांग्रेस)- वायनाड, शशि थरूर (कांग्रेस)- तिरुवनंतपुरम, एचडी कुमारस्वामी (जेडीएस)- मांड्या, हेमा मालिनी (बीजेपी)- मथुरा,अरुण गोविल (बीजेपी)-मेरठ, ओम बिरला (भाजपा) -कोटा, भूपेश बघेल (कांग्रेस)-राजनांदगांव जैसे दिग्गज शामिल हैं।

### खजुराहो में देर से शुरू हुई वोटिंग

खजुराहो में सुबह के समय वोटिंग देर से शुरू होने पर वीडी शर्मा ने नाराजगी जताई। उधर, दमोह में पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने पोलिंग टीम को फटकार लगा दी। वहीं खजुराहो के एक पोलिंग बूथ पर वोटर्स ने सेक्टर अधिकारी पर वोट नहीं करने देने के आरोप लगाए और हंगामा किया। इसके चलते करीब 2 घंटे मतदान रुका रहा। नर्मदापुरम में भाजपा महामंत्री ने ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर को बहस के बाद देख लेने की धमकी दे डाली। दमोह में ड्यूटी पर तैनात एक वनकर्मी को हार्ट अटैक आ गया। रीवा, सतना, दमोह और नर्मदापुरम में कुछ जगह ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया।



### मप्र की 6 सीटों पर इतनी वोटिंग

| शहर | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| होशंगाबाद | 67.16% |
| सतना | 61.87 % |
| टीकमगढ़ | 59.79% |
| खजुराहो | 56.44% |
| दमोह | 56.18 % |
| रीवा | 48.67% |

---

#### सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के वोटों की वीवीपैट पर्चियों से 100 फीसदी मिलान संबंधी याचिकाएं की खारिज

## व्यवस्था पर आंख मूंदकर शक करना गलत

नई दिल्ली। एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ईवीएम के वोटों की वीवीपैट पर्चियों से 100 फीसदी मिलान संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि किसी भी प्रणाली पर आंख मूंदकर संदेह करना किसी भी व्यवस्था के प्रति शक पैदा कर सकता है।

पीठ ने कहा कि संतुलित परिपेक्ष महत्वपूर्ण है। आंख मूंदकर किसी भी व्यवस्था पर संदेह करना उस व्यवस्था के प्रति शक पैदा कर सकता है। सार्थक आलोचना करने की जरूरत है फिर चाहे वो न्यायपालिका हो या फिर विधायिका। लोकतंत्र, सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास कायम रखने के बारे में है। विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं।



### उम्मीदवारों की लिखित मांग पर जांची जा सकेगी ईवीएम

अदालत ने निर्देश दिया कि दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाले उम्मीदवारों की लिखित मांग पर जांच हो सकती है। चुनाव नतीजे घोषित होने के सात दिनों के भीतर यह मांग की जा सकती है। जांच की मांग करने वाले उम्मीदवार को ही इसकी लागत वहन करनी होगी और अगर ईवीएम में छेड़छाड़ का आरोप सही साबित हुआ तो चुनाव आयोग को उम्मीदवार को लागत के पैसे लौटाने होंगे।

### चुनाव आयोग के लिए दो निर्देश

- ♦ सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम संबंधी याचिकाओं को खारिज करने के साथ ही चुनाव आयोग के लिए भी दो निर्देश जारी किए हैं। जिसके पहले निर्देश के तहत कोर्ट ने कहा है कि चुनाव आयोग को ईवीएम में चुनाव चिन्ह लोड करने के बाद चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट को सील करके सुरक्षित जगह पर रखना चाहिए। इन सील कंटेनर्स को चुनाव नतीजे घोषित होने के 45 दिन बाद तक ईवीएम के साथ ही सुरक्षित स्टोर रूम में रखना चाहिए।
- ♦अदालत ने यगभी निर्देश दिया कि निर्वाचन सीट पर चुनाव के बाद पांच प्रतिशत ईवीएम मशीनों, जिनमें ईवीएम के साथ कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट भी शामिल हो, उनके इस्तेमाल हुए मेमोरी सेमीकंट्रोलर्स, ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स द्वारा चेक किए जाएं।

## वाट्सएप ने कहा- सरकार मजबूर करेगी तो छोड़ देंगे भारत

**नई दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग एप वाट्सएपऔर भारत सरकार के बीच लंबे समय से लड़ाई चल रही है। अब यह लड़ाई आखिरी चरण में पहुंच गई है। वाट्सएप इस बार आर-पार के मूड में नजर आ रहा है। सरकार की ओर से बार-बार कहा जा रहा है कि वाट्सएप को मैसेज के सोर्स के बारे में बताना होगा यानी कोई मैसेज पहली बार कब और कहां से भेजा गया था इसकी जानकारी देनी होगी। इस मसले पर वाट्सएप का कहना है कि इसके लिए एन्क्रिप्शन तोड़ना होगा और यह उसकी प्राइवेसी पॉलिसी के खिलाफ है। वाट्सएप की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में कहा गया है कि वाट्सएप का इस्तेमाल लोग इसलिए करते हैं क्योंकि यह एन्क्रिप्टेड है और लोगों को इसकी प्राइवेसी पर भरोसा है। यूजर्स ये जानते हैं कि वाट्सएप पर भेजे गए मैसेज एंड टू एंड एन्क्रिप्टेड होते हैं। ऐसे में उनके मैसेज को कोई भी नहीं पढ़ सकता है, लेकिन एन्क्रिप्शन तोड़ने के बाद इसकी प्राइवेसी खत्म हो जाएगी। अगर भारत सरकार ने एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया तो हमें देश छोड़ना होगा। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक वाट्सएप की तरफ से दिल्ली हाईकोर्ट में वकील तेजस कारिया ने कार्यवाहक चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ से कहा कि एक प्लेटफॉर्म के तौर पर हम कह रहे हैं कि अगर हमें एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए कहा जाता है, तो हम यहां से चले जाएंगे।

#### महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न का मामला

## बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप तय करने का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** यूपी की कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न के आरोपों में झटका लगा है। दिल्ली की अदालत ने उनकी ओर से दाखिल उस अर्जी को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि उनके ऊपर लगे आरोपों की और जांच की जाए। ऐसे में उन पर अब यौन उत्पीड़न केस में आरोप तय करने का रास्ता साफ हो गया है। अदालत के इस फैसले से बृजभूषण शरण सिंह की चुनावी उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है। भाजपा सूत्रों के अनुसार पार्टी चाहती है कि बृजभूषण शरण सिंह पर यदि कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ती है तो वह खुद चुनाव न लड़ें। इसकी बजाय परिवार के ही किसी सदस्य यानी पत्नी या बेटे को मौका दें।



ऐसी स्थिति में अदालत के फैसले के बाद अब लगता है कि बृजभूषण शरण सिंह का टिकट भी कट सकता है। खुद बृजभूषण शरण सिंह के तेवर भी इसके संकेत दे रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों टिकट के सवाल पर कहा भी था कि जो भगवान राम चाहेंगे, वही होगा। यही नहीं उनका कहना था कि पार्टी ने अब तक दूल्हा तय नहीं किया है, लेकिन जिसे भी उतारा जाएगा, वह बड़ी जीत हासिल करेगा।

उनके बयान में जिसे भी उतारा जाएगा से यह अर्थ निकाला गया था कि शायद अब वह अपने अलावा परिवार के ही किसी सदस्य को लड़ाने के लिए तैयार हो गए हैं।

राउज एवेन्यू कोर्ट की जज प्रियंका राजपूत की अदालत ने कहा कि अब बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप तय करने का फैसला 7 मई को होगा। इससे पहले 18 अप्रैल को ही अदालत फैसला सुनाने जा रही थी, लेकिन बृजभूषण शरण सिंह की ओर से अपील की गई थी कि इस केस की और जांच की जाए। उनकी दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और अब उनकी अर्जी खारिज करने का आदेश दिया है।

**जीवन के बाद भी बचाएं पेड़ः** पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जूनी इंदौर मुक्तिधाम में दाह संस्कार के लिए स्वर्गारोहण मशीन

# दाह संस्कार में लगेगी 300 की जगह 100 किलो लकड़ी, इंदौर में हाईटेक मशीन

इंदौर। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए इंदौर में दाह संस्कार की प्रक्रिया के लिए हाईटेक मशीन का उपयोग किया जाने लगा है। इंदौर के जूनी इंदौर मुक्तिधाम में दूसरी मशीन लगाई गई जिसे स्वर्गारोहण मशीन नाम दिया गया है। पहली मशीन रामबाग मुक्तिधाम में लगाई गई है। इस मशीन में दाह संस्कार करने में बेहद कम लकड़ी का उपयोग होता है। सामान्य रूप से दाह संस्कार में 300 किलो से लकड़ी लगती है और इसमें तीन से चार पेड़ नष्ट हो जाते हैं। वहीं इस मशीन में 80 से 100 किलो लकड़ी लगती है। पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. डी के वागेला ने बताया कि इस मशीन में लकड़ी या कंडे की एक तिहाई मात्रा से शवदाह की प्रक्रिया की जा सकती है।



### पहली मशीन रामबाग मुक्तिधाम में लगी

स्वर्गारोहण की पहली इकाई तीन माह पूर्व महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा रामबाग मुक्तिधाम पर शुरू की गई थी। दूसरी इकाई गुरुवार को जूनी इंदौर मुक्तिधाम में स्थापित कर उसमें एक शव का धार्मिक विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। शहर के एक उद्योग विशाल फेब इंडिया के संचालक अनिल जोशी के सौजन्य से दूसरी मशीन को स्थापित किया गया। इस मौके पर जूनी इंदौर मुक्तिधाम विकास समिति के जय नारायण दम्मानी, रामनिवास भराणी, ओम प्रकाश खंडेलवाल, गोविंद राठी, महेश दम्मानी, मुक्तिधाम व्यवस्थापक अजय अग्रवाल के अलावा डॉ. ओपी जोशी, निर्मल भटनागर, अमरीश केला, मनोज दीक्षित, राजेंद्र सिंह, अनिल जौहरी, विरेन्द्र पोरवाल, चंचल कौर हरनाम सिंह, गुरुबक्ष सिंह, रामबाबू अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### क्यों खास है यह मशीन

मशीन का डिजाइन इस तरह का है कि इसमें शव के आसपास बहुत कम लकड़ी लगती है। खुले में दाह संस्कार करने से बहुत अधिक लकड़ी लगती है और धुआं और कार्बन डाइऑक्साइड भी बहुत अधिक होता है। इसमें मोक्ष लकड़ी/बायो कोल/गौकाष्ठ/कंडे का उपयोग भी कर सकते हैं। सामान्य शास्त्रोक्त विधि, जैसे- कपाल क्रिया, घी लगाना, मुखाग्नि देना, सब कर सकते हैं।

### दाह संस्कार मात्र डेढ़-दो घंटे में पूर्ण हो जाता है

लकड़ी तीन गुना कम लगने से कार्बन डाय आक्साइड का उत्सर्जन, राख व धुंआ भी तीन गुना कम होता है वहीं दाह संस्कार मात्र डेढ़-दो घंटे में पूर्ण हो जाता है। इसके बाद में अस्थि एवं राख नीचे रखी ट्रे में सुरक्षित प्राप्त हो जाती है। विचार यह है कि दिवंगत व्यक्ति मरणोपरांत भी पेड़ बचाकर प्रकृति को अपना योगदान दे सकता है।

**एरोड्रम थाना क्षेत्र की घटनाः** हाथ-पैर बांधकर युवक का कुचला सिर, निर्वस्त्र अवस्था में मिला शव

# इंदौर में खौफनाक कत्ल !

इंदौर। इंदौर से हत्या की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक युवक की बेरहमी से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। युवक का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला। इस दौरान मृतक के हाथ-पैर बंधे हुए थे। जब रह चलते लोगों ने शव को देखा तो तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। हालांकि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

बता दें कि यह घटना एरोड्रम थाना क्षेत्र की है। युवक का शव आईडीए मल्टी बिल्डिंग में पड़ा हुआ मिला। हैरानी वाली बात तो यह है कि मृतक के दोनों हाथ बंधे हुए थे। घटना की सूचना पर पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसकी उम्र 30 से 35 वर्ष के आसपास लग रही है। अफसरों के मुताबिक युवक के पहले हाथ पैर बांधे गए और फिर उसके सिर को कुचल दिया गया। युवक के शरीर पर कपड़े नहीं हैं और उसके गले में ओम का लॉकेट पहना हुआ है। सिर किस चीज से कुचला गया अभी यह भी पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है। साथ ही आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगले जा रहे है।




### निगमकर्मी कचरा भरने पहुंचे तो मिला शव

एडिशनल डीसीपी जोन-1 आलोक कुमार शर्मा के मुताबिक, शव मल्टी के पीछे खाली प्लॉट पर मिला है। शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे निगमकर्मी कचरा भरने पहुंचे तो बोरे से बदबू आ रही थी। कर्मचारियों ने तत्काल पुलिस को कॉल कर सूचना दी। बोरा खोलकर देखा तो खून से सना युवक का शव मिला। हाथ-पैर बंधे हुए थे। शरीर पर हथियार के घाव और सिर पर चोट के निशान थे।

### बोरे में भरकर शव को फेंका गया

जानकारी के मुताबिक बोरे में भरकर शव को फेंका गया था। ताकि उसकी पहचान नही हो। सफाई कर्मचारी को पहले ब्लड के छीटे दिखे थे। इसके बाद वहां बोरा दिखा। पुलिस के मुताबिक सिर और हाथ पर संभवत लोहे की रॉड से हमला किया गया है। जिसमें सिर पर ही गंभीर चोट के निशान है। अफसरो ने टीमें बनाकर सीसीटीवी फुटेज और अन्य जानकारी निकालने के लिये लगाई गई है। मामले में पहचान के बाद जल्द खुलासे की बात की जा रही है।

### चार दिन पुराना शव, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

डीसीपी जोन-1 विनोद कुमार मीना के मुताबिक, शव सड़ने लगा था। फोरेंसिक अफसरों ने चार दिन पुराना शव होने की संभावना व्यक्त की है। जिस जगह शव फेंका गया उधर मल्टी के रहवासियों के फ्लेट की खिड़कियां खुलती है। मल्टी में भी आपराधिक किस्म के कईं लोग रहते हैं। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। एक टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई है। गुम इंसान और आधार कार्ड डेटा के आधार पर शिनाख्ती की कोशिश जारी है।




इंदौर। शास. मालव कन्या उ.मा.वि. मोती तबेला इंदौर में तेजस्वी योजना के अन्तर्गत एसबीआईसी प्रोडक्ट एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। चयनित टीमो द्वारा प्रदर्शनी लगाकर प्रोडक्ट प्रमोशन किया गया। इसअवसर पर तेजस्वी कार्यक्रम की इंदौर सेंट्रल टीम द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं, गणमान्य नागरिकों के साथ ही कुंवर सिंह सर , दीपक सर और तेजस्वी टीम इंदौर विशेष रूप से उपस्थित थे। विद्यालय प्राचार्य श्रीमती बबीता हयारण एवम तेजस्वी टीम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ ने सहभागिता की और अपने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। सभी प्रतिभागियों के साथ विद्यालय की अन्य छात्राओ ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।

## 23 बालकों का सामूहिक उपनयन संस्कार कल

इंदौर। महाराष्ट्र समाज राजेंद्र नगर और तरुण मंच द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन रविवार 28 अप्रैल को होगा। इस वर्ष 23 बालकों का सामूहिक रूप से उपनयन होगा। संस्कार समारोह के माध्यम से लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु भी प्रेरित किया जाएगा। महाराष्ट्र समाज द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार के आयोजन का यह 13वां वर्ष है। पं. विजय आयाचित के मार्गदर्शन में होने वाले उपनयन संस्कार की समस्त विधियां पं. जितेंद्र काले गुरुजी द्वारा संपन्न होगी। 28 अप्रैल रविवार की सुबह 7 बजे से विज्ञान नगर स्थित अल्पाइन एकेडमी में संस्कार समारोह प्रारंभ होगा। सुबह देव देवक पूजन, चौल कर्म, मातृ भोजन के पश्चात दोपहर 11.55 बजे के शुभ मुहूर्त में उपनयन संस्कार विधियां संपन्न होगी। बटुकों को आशीर्वाद देने इस अवसर पर इंदौर शहर के प्रमुख संतगण अण्णा महाराज, बाबा साहेब तरानेकर, अमृतफले महाराज, प्रवीण पानसे महाराज, सुनील शास्त्री गुरुजी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे। शाम को 5 बजे समस्त बटुकों की बैंड, बग्गी, ढोल के साथ भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।


### कार्यालय छत्रपति शिवाजी (कृषि बिहार) झोन क्रमांक 18, नगर पालिका निगम, इंदौर

क्रमांक/265/राजस्व/ नामा/2023-24 | **नामांतरण विज्ञप्ति** | दिनांक - 27.04.2024

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित किया जाता है कि निम्न विवरण अनुसार म.प्र. न.पा. अधिनियम 1956 की धारा 167 के अनुसार नामांतरण की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप धारा के तहत कार्यवाही की जाना है, जिस किसी को नामांतरण के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन होने के दिनांक से 7 दिवस की अवधि में लिखित रूप में मय पुष्ट प्रमाण के साथ (झोन क्र. 18 राजस्व विभाग) के कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रस्तुत करें। अवधि समाप्त होने पर आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

| अनु.क्र. | मोहल्ला क्षेत्र/ संपत्ति का विवरण | वार्ड क्र. | हस्तांतरणकर्ता/विक्रेता का नाम | जिसके नाम नामांतरण होना है/ क्रेता का नाम | अन्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 49 फतेह विला 303 फ्लैट नंबर साजन नगर इंदौर पिन 1001341902 | 64 | विकास सिंह पिता गजराज सिंह चंद्रावत | अर्पित पिता अशोक शाह चांदनी जैन शाह पति अर्पित शाह | रजिस्टर्ड विक्रय लेख अनुसार |
| 2 | 23 स्नेह नगर मेन रोड इंदौर पिन 1001308799 | 63 | राजकुमारी पति स्व. ताराचंद जी टुटेजा | संजय पिता स्व. ताराचंद जी टुटेजा | रजिस्टर्ड हकत्याग अनुसार |

**सहायक राजस्व अधिकारी छत्रपति शिवाजी (कृषि विहार) झोन क्रमांक 18 नगर निगम इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती निलीमा श्रीवास्तव पति स्व. चंद्रेश कुमार श्रीवास्तव, श्री संदीप श्रीवास्तव पिता स्व. सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, श्रीमति प्रीति पति श्री राजेंद्र कटारुका** झोन क्रमांक 5 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयतनामा, वारिस नाते, दान पत्र अनुसार प्रस्तुत कर मकान/ प्लॉट **पता- सी.एम.-114 , जे आर एम.आई. जी. पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सुखलिया इंदौर** पर नामांतरण चाहा गया है। पिन नं. **1000945251** इस जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक **27.04.2024** से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो जोन क्रमांक 5 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अवधि पश्चात वह बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 5, इ.न.पा. नि. इंदौर**

### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमति सावित्री पति रामविलास यादव** द्वारा झोन क्रमांक 17 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर नवीन खाता **पता 256 गौरीनगर इंदौर** पर नवीन खाता हेतु नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **27.04.2024** से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 17 नगर पालिका निगम इंदौर**

### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री नितिन सुर्वे पिता श्री काशीराम जी सुर्वे** द्वारा झोन क्रमांक 17 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर नवीन खाता **पता 454/1 पटवारी हल्का न. 5 पैकी भाग खातीपुरा** पर नवीन खाता हेतु नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **27.04.2024** से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 17 नगर पालिका निगम इंदौर**

### जाहिर सूचना

साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री निलेश जॉन पिता जॉन पीटर नेल्शन** द्वारा झोन क्रमांक 11 राजस्व विभाग पर पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता 38-ए सांई विहार कालोनी** इंदौर के नाम पर दर्ज संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। पिन **1001066767** इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **27.04.2024** से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 11 (राजमाता सिंधिया स्टेडियम झोन) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 11 नगर पालिका निगम इंदौर**

### जाहिर सूचना

साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमति पार्वती पति रामेश्वर यादव** द्वारा झोन क्रमांक 11 राजस्व विभाग पर पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता 313 बड़ी ग्वालटोली प्र. क्र. 101 राधाविहार अर्पा.** इंदौर के नाम पर दर्ज संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। पिन **1001073823** इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **27.04.2024** से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 11 (राजमाता सिंधिया स्टेडियम झोन) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 11 नगर पालिका निगम इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता श्री हेमंत प्रभाकर विंचुर विक्रेता रंजीता पति श्री एब्राहम कोशी** पता **60 श्रीकृष्ण एवेन्यू फेस-3 प्र.क्र.201 वल्लभ लाईफ स्टाईल लिम्बोदी इंदौर** , पिन **1001180628** , रजिस्ट्रड विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता श्री सोहनलाल पिता गुलाबराव गाकरे, क्रीति पति सोहनलाल गाकरे विक्रेता राजेश माधव परमानंद** पता **15-एचबी नालंदा परिसर इंदौर** , पिन **1001176571**, रजिस्ट्रड विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता जोएब खोजमा बोहरा विक्रेता शिनीन बाई पति शेफउद्दीन जालीवाला** पता **36 स्नेह विहार कालोनी इंदौर** , पिन **1001153682**, रजिस्ट्रड विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता श्री शुभम ठाकुर, अभिषेक ठाकुर विक्रेता विजय रघुवंशी , जितेंद्र रघवंशी, देवेंद्र रघवंशी** पता **408 बी सूर्यदेव नगर इंदौर** , पिन **1001194914** , वारिस नामा पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 81 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता श्रीमति भावना हलदुले, प्रतीक पिता स्व, विश्वास हलदुले, श्रृध्दा स्वप्निल बडेले विक्रेता विश्वास पिता शंकरराव हलदुले** पता **454 सूर्यदेव नगर इंदौर** , पिन **1001196298** , वारिस नामा पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 81 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता प्रकाश पिता नरसिंहलाल जायसवाल, भारती प्रकाश जायसवाल, विक्रेता प्रकाश पिता नरसिंहलाल जायसवाल** पता **पी-3 न्यू रानी बाग ग्राम लिम्बोदी इंदौर** , पिन **1004424931** ,रजिस्ट्रड विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता श्री अशोक कुमार परसवानी, केतन परसवानी, मंजु अशोक परसवानी, गौरव परसवानी विक्रेता सृष्टि कंस्ट्रक्सन प्रा. लि. तर्फे अनुराग माहेश्वरी** पता **बी-070 आवासा एवेन्यू ग्राम बिजलपुर इंदौर** , पिन **1001168434** ,रजिस्ट्रड विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता श्रीमति निर्मला बाई मुकाती,पवित्रा बाई पटेल, सविता बाई पटेल, दिनेश पटेल, संतोष आर्य , राजेंद्र आर्य विक्रेता श्रीराम मुन्नालाल आर्य** पता **927/3 बिजलपुर इंदौर** , पिन **1001177753** ,वारिस नामा पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता श्री बच्चाराम पंजवानी, रीटा कुमारी पंजवानी विक्रेता अमित केशवदास भाटिया** पता **2-वी.डी. ट्रेजर टाऊन बिजलपुर इंदौर** , पिन **1002946081** ,रजिस्ट्रड विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता श्रीमति हेमलता अभय मूले विक्रेता श्रीमति ऊषा पिता स्व. लक्ष्मण राव** पता **122-ई राजेंद्र नगर इंदौर** , पिन **1001199503** ,रजिस्ट्रड विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 80 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है **क्रेता मनजीत जसबीर कौर,मनप्रीत जसबीर सिहं बग्गा विक्रेता जसबीर सिहं हरवंश बग्गा** पता **185 विष्णुपूरी मेन इंदौर** , पिन **1001140996** ,वारिस नाते के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **27.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

# मृदुभाषी

सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi | twitter.com/mradhubhashi | www.mradubhashi.com | इंदौर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024 | नगर संस्करण, वर्षः 04, अंकः 245, पृष्ठ : 08, मूल्यः 5.00 रुपए


7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथाः विधानसभा क्षेत्र क्रमांक दो में कनकेश्वरी मेला ग्राउंड पर होगी कथा

# इंदौर में कल से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा, पुलिस ने तैयार किया ट्रैफिक प्लान

**इंदौर।** इंदौर में 28 अप्रैल यानी रविवार से बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज की कथा होने वाली है। इसे लेकर तैयारियां चल रही हैं। पुलिस ने भी वाहन चालकों को असुविधा से बचाने के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। इसके चलते कथास्थल के आसपास अनेक रास्तों पर यातायात परिवर्तित रहेगा। 28 अप्रैल से 4 मई तक कनकेश्वरी मेला ग्राउंड में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा भजन एवं आरती शाम 4 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 8 बजे तक होगी। इस दौरान कथा में आने वाले की सुविधा के लिए ट्रैफिक प्लान भी जारी किया गया है।

## इसलिए विधानसभा दो में हो रहा कथा का आयोजन



कथा विधानसभा दो में कराई जा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला है। प्रदेश में सबसे ज्यादा वोट से जीतने वाली विधानसभा दो है, जहां मेंदोला 1.07 लाख वोट से जीते थे। बीजेपी इस बार मिशन 8 लाख की जीत के लिए यहां से ही डेढ़ लाख वोट की लीड की उम्मीद कर रही है, इसी तरह विजयवर्गीय की विधानसभा 1 से भी एक से डेढ़ लाख लीड का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में यह दोनों विधानसभा अहम है। इसलिए यहां कथा रखी गई है, अधिक वोट की लीड से भोपाल से लेकर दिल्ली तक इंदौर एक और दो दोनों का राजनीतिक कद बढ़ाने की यह कोशिश है।

## बाहर से आने वाले श्रद्धालु यहां पार्क कर सकेंगे वाहन

- भोपाल, ग्वालियर, देवास की ओर से आने वाले समस्त श्रद्धालु अपने वाहन देवास नाका, निरंजनपुर, बीसीसी तिराहा, न्याय नगर, हीरानगर चौराहा, चंद्रगुप्त चौराहा से आईएसबीटी बस स्टैंड एमआर 10 के अंदर वाहन पार्क कर सकेंगे।
- मंदसौर, रतलाम, उज्जैन की ओर से आने वाले आईएसबीटी बस स्टैंड में वाहन पार्क कर सकेंगे।

## धार-झाबुआ के वाहन सुपर कॉरिडोर में खड़े होंगे

- धार, झाबुआ की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन सुपर कॉरिडोर होते आईएसबीटी बस स्टैंड में पार्क होंगे।
- खंडवा एवं इंदौर शहर की ओर से आने वाले वाहन समस्त श्रद्धालु अपने वाहन कनकेश्वरी माता मंदिर के सामने से होते हुए केशव कनक विहार के पास स्थित आईटीआई ग्राउण्ड में वाहन पार्क कर सकेंगे।

## यहां वाहनों की नो एंट्री

कथा आयोजन के दौरान चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा से देवनारायण दूध डेयरी, कनकेश्वरी मैदान की ओर जाने वाले मार्ग पर सभी तरह के समस्त वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। एक्सिस बैंक से कनकेश्वरी माता मंदिर की ओर, बंधन गार्डन सब्जी मंडी चौराहा से कनकेश्वरी मैदान मेन रोड की ओर, हीरा नगर थाने के पीछे, फोटो फ्रेमिंग ग्लास हाउस से चंद्रवंशी देव नारायण दूध डेयरी की और जाने वाले मार्ग सहित कथा स्थल के आसपास के अन्य प्रमुख मार्गों से वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान देवास नाका से सिक्का स्कूल बापट चौराहे, लवकुश चौराहे से एमआर-10 टोल सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

## भारी वाहन का प्रवेश वर्जित

- देवास नाका से सिक्का स्कूल बापट चौराहे की और भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे।
- लवकुश चौराहा से एमआर 10 टोल नाका चंद्रगुप्त मोर्य चौराहे की और भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे।
- बापट चौराहे से एक्सिस बैंक होते हुए आमवाला चौराहे तक भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे।
- बाणगंगा रेल्वे कासिंग से खातीपुरा, गोरी नगर टेम्पू स्टेण्ड चौराहा, आम वाला चौराहे की और भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे।
- डीआरपी लाइन से परदेशीपुरा चौराहा एवं कनकेश्वरी माता मंदिर की और भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

## ब्रीफ न्यूज़

### 31 मई तक हो सकेगा आधार-पैन लिंक, ट्रस्टों को भी छूट

**इंदौर।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने दो सर्कुलर जारी करते हुए करदाताओं को राहत प्रदान की। पहला सर्कुलर उन करदाताओं के लिए है जिन्होंने अब तक अपना आधार और पैन कार्ड लिंक नहीं किया। 31 जुलाई 2023 तक जिन करदाताओं के आधार और पैन कार्ड लिंक नहीं हुए थे, उनके पैन सरकार ने अवैध करार दिए थे। लेकिन ऐसे करदाताओं का टीडीएस काटने वाले एम्लॉयर या अन्य भुगतानकर्ता को पता ही नहीं होता था। जिसका टीडीएस काटा जा रहा, उसका आधार पैन कार्ड से लिंक है या नहीं। उनका साधारण दर से ही टैक्स काटा गया। नियम के मुताबिक आधार पैन कार्ड से लिंक नहीं होने की दशा में सर्वाधिक टैक्स दर लागू है, जो एनआरआई के लिए 30% और स्थानीय लोगों के लिए 20% है। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे में आयकर विभाग ने उन सभी लोगों को टीडीएस वसूली का नोटिस भेजा है, जिनके आधार पैन कार्ड से लिंक नहीं थे और उनका टैक्स कम कटा था। ऐसे सभी करदाताओं को सर्वाधिक दर से टैक्स देने के नोटिस भेजे गए। ऐसे मामले देशभर में सैकड़ों की संख्या में हैं। इस मुद्दे को करदाताओं ने सरकार के समक्ष उठाया था, जिसके बाद सीबीडीटी ने सभी करदाताओं को 31 मई 2024 तक का समय दिया है फिर से अपने आधार को पैन कार्ड से जोड़ने के लिए। ऐसा करने से करदाताओं पर विभाग द्वारा निकाली गई अतिरिक्त डिमांड स्वतः समाप्त हो जाएगी।

### सिकलीगर से खेत में छिपाकर रखे 6 कट्टे जब्त, 100 से ज्यादा बेच चुका

**इंदौर।** चार दिन पहले पकड़ाए सिकलीगर के खेत से क्राइम ब्रांच ने 6 हथियार जब्त किए हैं। इससे अब तक 8 हथियार बरामद हो चुके हैं। आरोपी ने कबूला कि वह अब तक सौ से ज्यादा कट्टे बेच चुका है ।क्राइम ब्रांच के एडि. डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार आरोपी गुरुबचन सिंह बडोले (52) निवासी ग्राम धूलकोट (खरगोन) के घर के पास खेत से 12 बोर के 4 देशी कट्टे, 32 बोर की 2 देशी पिस्टल जब्त की है। कुछ दिन पहले सीकर जिले के बदमाश जितेंद्र से एक पिस्टल मिली थी। पिस्टल लेकर वह राजस्थान जा रहा था। उसने कबूला कि वह खरगोन जिले के गुरुवचन से अवैध हथियार खरीदकर लाया है। इसके बाद दबिश देकर गुरुवचन को पकड़ा था। तब उसके दो कट्टे बरामद हुए थे। रिमांड पर पूछताछ में उसने बुधवार को 6 कट्टे और बरामद करवाए। आरोपी देशी कट्टे और पिस्टल बनाने में माहिर है। इसे एक कट्टा बनाने में मात्र 3 से 4 घंटे लगते हैं। दिनभर में दो कट्टे बना लेता है। अच्छी क्वालिटी का कट्टा बनाने इसे 2500 रुपए की लागत आती है। दलालों के मार्फत इसे 10 से 15 हजार में बेच देते हैं। उसके खिलाफ दूसरे जिलों की पुलिस ने भी कार्रवाई की है। इसके बाद भी वह जेल से छूटने के बाद फिर से हथियार बनाने लगता है। जबकि उसकी जानकारी खरगोन पुलिस को भी है। उससे और पूछताछ जारी है।

### पाक्सो एक्ट के आरोपियों को हाईकोर्ट ने किया बरी

**इंदौर।** पाक्सो एक्ट के एक मामले में हाईकोर्ट ने आरोपी और उसके दोस्त को बरी कर दिया है। कोर्ट में सामने आया कि प्रेमिका ने अपनी मां के दबाव में अपने प्रेमी और उसके दोस्त पर केस दर्ज करवाया था। युवक और युवती के बीच में लंबे समय से संबंध थे और जब केस दर्ज करवाया गया तब युवती बालिग थी। अधिवक्ता रजत रघुवंशी ने बताया कि बाणगंगा थाने में दर्ज मामले में आरोपी मन और अनुज को बरी किया गया है। दोनों पर पाक्सो और अन्य धाराओं में केस दर्ज थे। रजत ने बताया कि कोर्ट में युवती और उसकी मां युवती के बालिग होने के साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई। युवती ने शिकायत में यह भी बताया था कि दोनों आरोपी उसे बाइक पर जबरदस्ती हाथ पांव बांधकर बैठाकर ले गए थे।

ड्रेनेज लाइन घोटालाः नगर निगम में बगैर काम के आसानी से बिल मंजूर होने का राज

# ठेकेदार ने अफसरों को बना रखा है ठेकों में पार्टनर !

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम में 28 करोड़ का ड्रेनेज लाइन घोटाला सामने आया है। जिन पांच फर्मों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पांचों फर्मों के कर्ता-धर्ता फरार है। इन फर्मों पर पहले भी अफसर मेहरबान रहे हैं और 20 करोड़ रुपये से ज्यादा इनके खातों में नगर निगम जमा कर चुका है। पैसा जमा करने के दो घोटाले दूसरे कामों की फाइल खंगालने पर पता चले हैं। पैमेंट होते ही ठेकेदार तत्काल रुपये विड्राल कर लेते थे। यह भी पता चला है कि ठेकेदारों के पीछे नगर निगम के अफसरों का ही दिमाग है। उन्होंने ही नगर निगम में ठेकेदार खड़े किए और उन्हें बगैर कामों के आसानी से बिल मंजूर हो जाते हैं। घोटाला करने वाली दो फर्म नींव कंस्ट्रक्शन और किंग कंस्ट्रक्शन आपस में रिश्तेदार हैं। एक ठेकेदार की उम्र ही 80 साल है। पांचों फर्मों में अफसरों की सांठ-गांठ और अघोषित साझेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि बिल लगाने में ठेकेदारों ने नगर निगम के असली दस्तावेजों का ही इस्तेमाल किया है।

अफसरों द्वारा खुद के ठेकेदारों से काम कराने की परंपरा नगर निगम में सालों पुरानी है। अफसर कई मलाइदार काम अपने ठेकेदारों से कराते हैं और बिल मंजूर होने पर बड़ा हिस्सा खुद रखते हैं। सात साल पहले हुए यातायात घोटाले के समय भी अफसर और ठेकेदारों का गठजोड़ सामने आ चुका है। तब भी अधूरे काम के बिल मंजूरी के लिए अकाउंट विभाग में पहुंच गए थे।




### अफसरों के राज में हुए कागजों पर काम

जिस 28 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच पुलिस कर रही है। उसे पूर्ण होना तीन साल पहले बताया गया। तब नगर निगम में राजनीतिक परिषद नहीं थी। अफसरों के भरोसे ही नगर निगम चल रहा था। पांच फर्मों के ठेकेदार के नाम पर उस समय भी बिल मंजूर होते रहे। आरोपी ठेकेदारों के बैंक खातों से इसका खुलासा हुआ है।

### ठेकेदार करवाते गए अफसरों के साइन

निगम अफसर ठेकेदारों के इशारे पर काम कर रहे थे। ठेकेदारों ने जाली बिल, स्वीकृति, निविदा बनाकर फाइलें तैयार की और अफसर-बाबुओं से साइन करवाते गए। फाइलें आवक-जावक शाखा से गुजरी ही नहीं। खास बात यह कि आडिट विभाग ने भी ठेकेदारों की शक्ल देखकर भुगतान की स्वीकृति दे दी। जिन फाइलों में गड़बड़ी हुई वो संबंधित शाखाओं में गई ही नहीं। कमेटी को नौ अन्य फाइलों की तलाश है जिनमें घोटाला हुआ है।

### सीसीटीवी फुटेज में नहीं दिखे चोर

पुलिस एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (ईई) सुनील गुप्ता के बयानों की भी जांच कर रही है। गुप्ता द्वारा ही मार्च में 20 फाइलों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। गुप्ता का दावा है कि निगम परिसर में खड़ी कार से फाइलें चोरी हुई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकाले तो कर्मचारी परिसर में खड़े नजर आए लेकिन कार से फाइल निकालने के फुटेज नहीं मिले। जिन फाइलों में चोरी हुई, उनमें गुप्ता के भी हस्ताक्षर हैं। टीआइ विजयसिंह सिसोदिया के मुताबिक जांच के लिए नमूने लिए गए हैं।

### एक दिन में 500 से ज्यादा चैंबर बन गए

निगम की जांच कमेटी ने 50 फाइलें जब्त की हैं। जालसाजों ने एक दिन में 500 से ज्यादा चैंबर बनाना और पांच किमी तक लाइन खोदना दर्शा कर भुगतान भी ले लिया। एमजी रोड थाने में 28 करोड़ रुपये की गड़बड़ी की एफआइआर दर्ज होने के बाद निगमायुक्त शिवम वर्मा विभागीय जांच करवा रहे हैं। निगम की चार सदस्यीय जांच कमेटी ड्रेनेज विभाग की फाइलें खंगाल रही थी कि ऐसा बंडल हाथ लगा, जिसमें 70 करोड़ रुपये का फजीवाड़ा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक जब्त फाइलें ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार मोहम्मद सिद्दीक, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद जाकिर, रेणु वढ़ेरा और राहुल वढ़ेरा की हैं। कुछ अन्य ठेकेदारों के नाम भी हैं, लेकिन अफसर खुलकर नहीं बता रहे। इन फाइलों में जनकार्य, उद्यान कार्य, लाइन खोदाई और ड्रेनेज संबंधित कार्य दर्शाए गए हैं।

डेढ़ घंटे तक कांग्रेसियों की सांसें होती रही ऊपर-नीचे

# रद्द होते-होते बचा अक्षय बम का नामांकन फॉर्म



**इंदौर।** इंदौर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम और कांग्रेसियों की सांसें शुक्रवार को डेढ़ घंटे तक ऊपर नीचे होती रही। दरअसल भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने अक्षय बम द्वारा धारा 307 की जानकारी नहीं देने को लेकर आपत्ति ली थी। बम को भले ही राहत मिल गई हो लेकिन वोटिंग से पहले उनके लिए फिर धारा 307 मुश्किल बन सकती है। कांग्रेस पार्टी से बड़े मुश्किल से लोकसभा के प्रत्याशी बने अक्षय कांति बम को मतदान से पहले हर रोज परीक्षाएं देना पड़ रही हैं। भाजपा की विधि प्रकोष्ठ की टीम ने उन्हें चारों तरफ से घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। इसका जिम्मा इंदौर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भूपेंद्र सिंह कुशवाहा ने ले रखा है। शुक्रवार को नामांकन फार्म जंचने के बाद रद्द होने की प्रक्रियाएं चल रही थी, यहां इंदौर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भूपेंद्र सिंह कुशवाहा ने आपत्ति ली कि अक्षय कांति बम पर बरसों पुराने मामले में धारा 307 बड़ी है, उन्होंने अपने नामांकन फार्म में इस धारा 307 को छुपाया है, यह जान बूझकर की गई धोखाधड़ी है। इस आधार पर नामांकन फार्म रद्द किया जाए। इस आपत्ति के पहुंचने के बाद निर्वाचन अधिकारी जांच पड़ताल में जुट गए , तो वहीं कांग्रेसियों और अक्षय कांति बम की सांसें ऊपर नीचे होने लग गई। बाद में बम की तरफ से दिए गए तर्कों को तकनीकी रूप से निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन मान्य करते हुए उन्हें इतनी राहत दे दी कि नामांकन रद्द नहीं किया।

### तीन प्रत्याशियों के नामांकन खारिज

इंदौर में लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होना है। शुक्रवार से नामांकन फॉर्म की जांच की प्रकिया कलेक्टर कार्यालय में शुरू हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी इंदौर लोकसभा, जिलाधीश कार्यालय इंदौर के समक्ष लोकसभा प्रत्याशियों के नामांकन फॉर्म की जांच एवं आपत्ति निराकरण की कार्यवाही की गई। कुल 29 जमा नामांकन किए गए थे। एआरओ गोपाल सिंह वर्मा के मुताबिक लोकसभा निर्वाचन के नामांकन फार्म स्क्रूटनी में तीन फॉर्म खारिज हुए है। मोती सिंह, रविंद्र लोखंडे और लीलाधर चौहान के फॉर्म खारिज किए गए है। वहीं 26 में से 23 अभ्यर्थी के नामांकन विधिमान्य पाए गए है। नाम वापसी की आखरी तारीख 29 अप्रैल है।

**अप्रैल में बारिश** | वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से बदला मौसम

# इंदौर में अचानक छाए बादल, होने लगी तेज बारिश...बढ़ गई उमस

**इंदौर।** इंदौर में शुक्रवार की सुबह पहले तो धूप निकली और पारे में उछाल आने लगा, लेकिन फिर अचानक बादल छाने लगे और बारिश होने लगी। शुरुआत में करीब पांच मिनट तो तेज, लेकिन बाद में बूंदाबांदी होती रही। हालांकि बारिश थमने के बाद एक बार फिर धूप निकली और उमस और गर्मी का अहसास होने लगा। इंदौर में जहां गुरुवार को पारा 39 डिग्री को पार कर गया था, तो वहीं शुक्रवार की सुबह भी मौसम साफ था, करीब 9 बजे से बादल छाने लगे और लगने लगा था कि जोरदार बारिश होगी। लगभग एक घंटे बाद तेज बारिश हुई, जो पांच मिनट तक हुई और बूंदाबांदी के बाद बारिश बंद हो गई। अचानक हुई बारिश से मौसम में थोड़ी देकर के लिए ठंडक घुल गई, लेकिन बाद में लोग उमस से परेशान होते रहे। मौसम विभाग ने शहर में बूंदाबांदी का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।



### आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार को भी इंदौर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार जताए हैं। साथ ही दिनभर बादल छाए रहेंगे और इसके चलते तापमान में तो गिरावट दर्ज की जाएगी, लेकिन बारिश के बाद पड़ने वाली उमस लोगों को खासा परेशान करेगी। दरअसल अभी प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से 6 दिनों से कई हिस्सों में बारिश हो रही है। इंदौर में इसका खास असर नहीं है। बादल जरूर छा रहे हैं, बारिश भी हुई है, लेकिन वह भी थोड़ी देर के लिए ही हुई।

### 15 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही गर्म हवा

इंदौर में दो दिन से गर्मी का खासा प्रभाव है। दिन में 15 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही गर्म हवा ने लोगों को हलाकान कर दिया है। दो दिनों से दिन का पारा 39 डिग्री से ज्यादा बना हुआ था। शाम को बादलों के छाने का दौर चल रहा है। शुक्रवार सुबह से भी बादल छाए । 27 अप्रैल को शाजापुर, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और मंडला जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, भोपाल, इंदौर, धार, उज्जैन, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, देवास, सीहोर, रायसेन, विदिशा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, उमरिया, मैहर, शहडोल, अनूपपुर, डिंडोरी में यलो अलर्ट है।

# क्यों करोड़ों भारतीयों की सेहत को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया?



एमडीएच और एवरेस्ट मसालों के बैन के मामले में भारत ने सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग के फुड रेगुलेटर्स यानी खाद्य नियामक से डीटेल्स मांगी हैं। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने सिंगापुर और हांगकांग दोनों में भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक डीटेल्ड रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया। मिनिस्ट्री ने एमडीएच और एवरेस्ट से भी डीटेल्स मांगी हैं। वैसे देखा जाए तो भारतीय मसालों का जिक्र किए बिना दुनिया का इतिहास पूरा नहीं हो सकता। विदेशी शासकों के राज से पहले भी भारतीय मसाले देश की आर्थिकी का मजबूत आधार होते थे। इनकी गुणवत्ता के लिहाज से भारत को मसालों के देश की संज्ञा दी जाती रही है। भोजन को लजीज बनाने, इम्यूनिटी बढ़ाने व पाचन सुधारने में इनकी बड़ी भूमिका रहती है। लेकिन यह खबर परेशान करने वाली है कि दुनिया के कई देशों में भारतीय मसालों में सेहत के लिए हानिकारक पदार्थ पाए गए हैं। ये मसाले सदियों तक भारत की पहचान होते थे। कहा जाता है कि कभी पुर्तगाली व अन्य यूरोपीय हमलावर मसालों की तलाश में ही भारत आए थे। ये मसाले न केवल रोगनाशक बल्कि इम्यूनिटी बढ़ाने वाले भी होते हैं। पूरे कोरोना संकट में इन मसालों ने ही देश के लोगों का मनोबल बनाए रखने में खासी मदद की। यहां तक कि आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सक हमारी रसोई को आम भारतीय का मेडिकल स्टोर तक कहते हैं। बहरहाल, हांगकांग व सिंगापुर में दो चर्चित भारतीय कंपनियों के मसालों को सेहत के लिये घातक बताते हुए इन पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये वे मसाले हैं, जिनका भारत के हर घर में उपयोग होता है और जो भारतीयों के स्वाद में रचे-बसे हैं। यह तथ्य भी विचारणीय है कि यदि इन कंपनियों के मसाले में वास्तव में घातक पदार्थ मौजूद हैं तो गुणवत्ता नियामक संस्था फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जांच क्यों नहीं की? क्यों करोड़ों भारतीयों की सेहत को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया? हकीकत यह भी है कि चीनी स्वामित्व वाले हांगकांग में दो भारतीय ब्रांड्स के मसालों पर बैन लगाया गया है। आरोप लगाया गया कि इन मसालों में कैंसर का कारक बन सकने वाला एथिलीन ऑक्साइड पेस्टीसाइड मिला है। जिसके चलते हांगकांग की फूड सेफ्टी अथॉरिटी ने दो भारतीय बड़े ब्रांड्स के चार मसाले जांच में फेल कर दिये हैं।

दरअसल, हांगकांग के फूड एंड एनवायरमेंटल हाइजीन डिपार्टमेंट ने पांच अप्रैल को जारी रिपोर्ट में दो भारतीय कंपनियों के करी पाउडर, सांभर मसाला, फिश करी मसाला व मिक्स्ड मसाला पाउडर के सैंपल फेल होने की बात कही है। वहीं कहा जा रहा है कि यूरोपीय यूनियन ने सैकड़ों भारतीय खाद्य पदार्थों में ऐसे ही केमिकल का उपयोग पाया है। उनका कहना है कि यूरोप जाने वाले उत्पादों में यह केमिकल रूटीन तौर पर पाया जाता है। जिसमें अखरोट, तिल के बीज, मसाले व अन्य खाद्य उत्पाद शामिल हैं। इनमें कुछ को बॉर्डर से वापस भेजा गया तथा कुछ को बाद में बाजार से हटा दिया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि एथिलीन ऑक्साइड के प्रभाव से लिंफोमा और ल्यूकीमिया आदि कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। खाद्य सुरक्षा पर नजर रखने वाली संस्थाएं इन्हें घातक बता रही हैं। उल्लेखनीय है कि बीते सालों में अफ्रीका में बच्चों की मौत का कारण जिस भारतीय कफ सीरप को बताया गया था, उसमें भी एथिलीन ग्लाइकोल की मात्रा पाई गई थी। निस्संदेह, भारत सरकार और नियामक संस्थाओं को इन आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए। एक पक्ष यह भी है कि ये मामले तब सामने आए हैं, जब पिछले दिनों भारत सरकार ने कुछ यूरोपीय स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों को सेहत के लिये हानिकारक घोषित किया है। इसके बावजूद हमें ध्यान रखना होगा कि दुनिया के मसाला कारोबार में हमारी हिस्सेदारी 43 फीसदी है। अतः भारत को अपने मसाला उत्पादों की विश्वसनीयता बनाये रखनी होगी। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक व निर्यातक देश भी है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2005 के बाद भारत के मसाला निर्यात में तीस फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। साथ ही इस दशक के अंत तक मसाला उद्योग को दस अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। यदि इनकी गुणवत्ता में किसी भी तरह खोट नजर आती है तो इससे भारत की प्रतिष्ठा को भी आंच आएगी। इसके साथ ही भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा। बहुत संभव है आने वाले दिनों में फिर से भारत में खड़े मसालों की ओर लौटने का रुझान बढ़े।

> दो भारतीय कंपनियों के मसाले में वास्तव में घातक पदार्थ मौजूद हैं तो गुणवत्ता नियामक संस्था फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जांच क्यों नहीं की? क्यों करोड़ों भारतीयों की सेहत को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया? आरोप लगा है कि इन मसालों में कैंसर का कारक बन सकने वाला एथिलीन ऑक्साइड पेस्टीसाइड मिला है।

# तीसरे मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की पैरवी



कुलदीप चंद अग्निहोत्री



पिछले कुछ दिनों से राहुल गांधी देश में घूम-घूम कर बराबर मांग कर रहे हैं कि झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते भाजपा सरकार ने जेल भेज दिया है, लेकिन भ्रष्टाचार के इसी प्रकार के आरोपों के कारण केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा? राहुल गांधी का कहना है कि विजयन को बिना देर किए तुरंत गिरफ्तार कर लेना चाहिए। राहुल गांधी को गुस्सा और आश्चर्य है कि विजयन को क्यों गिरफ्तार नहीं किया जा रहा? वे इसका विश्लेषण करते हुए कहते हैं कि केरल में भारतीय जनता पार्टी पिनराई विजयन से मिली हुई है। यहां यह बताना जरूरी है कि पिनराई विजयन सीपीएम के नेता हैं और सीपीएम तथाकथित इंडिया गठबंधन में राहुल गांधी की कांग्रेस की सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी है। राहुल गांधी के देश के कम्युनिस्टों से कैसे संबंध हैं, इस पृष्ठभूमि में यह जान लेना भी जरूरी है। इसका सामान्य उत्तर तो यही होगा कि बहुत अच्छे हैं।

यह भी कहा जाता है कि पिछले कुछ वर्षों से तो इतने अच्छे हो गए हैं कि बहुत से कम्युनिस्ट कांग्रेस पार्टी में ही चले गए हैं और उन्होंने वहां राहुल गांधी के रथ की कमान ही संभाल रखी है। उनमें से कुछ ने कांग्रेस के नीति पत्र लिखने का काम संभाल लिया है। शायद यही कारण है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट कर दिया है कि वह देश के सभी लोगों का सर्वे करवाएगी और पता करेगी कि लोगों के पास क्या-क्या है। फिर उसे जरूरतमंदों में रिडिस्ट्रिब्यूट करेगी। अब किन लोगों में करेगी, इसको लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी आशंका व्यक्त की है कि कांग्रेस यह पैसा देश में घुस आए अवैध घुसपैठियों में बांट देगी। कांग्रेस का सारा मामला कार्ल मार्क्स वाला बनता जा रहा है।

कम्युनिस्ट भी बहुत खुश थे। सभी रैलियों में वे राहुल गांधी के साथ मंच पर खड़े होकर हाथ लहरा लहरा कर अपनी खुशी का इजहार करते थे। लेकिन इस बीच एक घटना हो गई। राहुल गांधी लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में केरल के वायनाड से खड़े हो गए। कम्युनिस्टों ने संकेतों में उन्हें समझाया भी कि इधर मत आया करो। उधर हिंदी पट्टी से ही चुनाव लड़ा करो। लेकिन राहुल गांधी नहीं माने। वे जानते हैं कि हिंदी पट्टी बहुत तप रही है। वहां चुनाव लड़ना अब खतरे से खाली नहीं रहा। 2019 की चोट राहुल गांधी भूले नहीं हैं। इसलिए वे फिर वायनाड में दिखाई देने लगे। स्वाभाविक है कम्युनिस्टों को गुस्सा आता और यह गुस्सा आ भी रहा है। जब दो गहरे मित्र लड़ते हैं तो कई बार मामला बहुत बढ़ जाता है और अजीब अजीब रहस्योद्घाटन होने लगते हैं। राहुल गांधी और कम्युनिस्टों के मामले में भी ऐसा ही हो रहा है। राहुल गांधी ने पिनराई विजयन को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार करने की मांग शुरू कर दी है। जाहिर है इससे लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट को भी गुस्सा आता। केरल में सीपीएम ने कुछ दलों को साथ लेकर एलडीएफ यानी लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट बना रखा है।

मोर्चा ने भी राहुल गांधी को लेकर कुछ मांगें करनी शुरू कर दीं। लेकिन ताज्जुब है कि मोर्चा ऐसी मांगें कर रहा है, जो अपने स्वरूप में राजनीतिक न होकर मौलिक प्रकार की हैं। मोर्चा के एक विधायक पीवी अनवर ने मांग की है कि राहुल गांधी के डीएनए की तुरंत जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल इस देश में चौथे दर्जे के नागरिक हैं और उन्हें अपने नाम से तुरंत गांधी नाम हटा देना चाहिए। अनवर की इस मांग के कारण दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। राहुल गांधी कहते हैं कि पिनराई विजयन को भ्रष्टाचार के चलते गिरफ्तार करो और मोर्चा कहता है कि राहुल गांधी का डीएनए टैस्ट कराओ। मामला गम्भीर होता देख पत्रकारों के मन में आया कि इस विषय पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से भी बात कर लेनी चाहिए। लेकिन विजयन तो उससे पहले ही सक्रिय हो गए थे। उन्होंने एक चुनावी सभा में राहुल पर एक बहुत ही गहरा प्रहार किया। इस प्रहार की मारक क्षमता को मध्य काल के हिंदी कवि बिहारी के एक दोहे की सहायता से समझा जा सकता है। बिहारी के दोहों के बारे में कहा जाता है, देखन में छोटे लगें, घाव करें गम्भीर।

विजयन का जनसभा में किया गया प्रहार ऊपर से देखने से तो मामूली लगता है, लेकिन घाव बहुत गहरा कर गया है। पूरा सोनिया परिवार मरहम पट्टी करने में व्यस्त है। पिनराई विजयन ने कहा, राहुल जी, अतीत में आपको एक नाम से संबोधित किया गया था। अब ऐसी बातें मत करो जिससे लगे कि आप अभी तक वहीं के वहीं खड़े हो। उस समय तो जनसभा में बैठे बहुत से श्रोता भी नहीं समझ सके कि कामरेड विजयन क्या कह रहे हैं, लेकिन दो-तीन घंटों में ही केरल के चैनलों ने अर्थ समझाना शुरू कर दिया। दरअसल 2011 में केरल के ही उस समय के मुख्यमंत्री कामरेड अच्युतानंदन ने राहुल के बारे में पूछे जाने पर कहा था कि वह तो अमूल बेबी है। उस समय से केरल में राहुल गांधी को अमूल बेबी कहा जाने लगा था। बाद में उत्तर भारत में राहुल गांधी को पप्पू कहा जाने लगा। सोनिया परिवार के लिए राहुल गांधी के इस तरह के नामों से छुटकारा पाना भी एक राजनीतिक समस्या ही बन गई।

कुछ महीने पहले जब राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली तो प्रियंका गांधी से पत्रकारों ने पूछा था कि इस यात्रा की उपलब्धियां क्या हैं, तो तब प्रियंका ने एक उपलब्धि यह भी बताई थी कि इस यात्रा से लोगों को पता चल गया है कि राहुल अब पप्पू नहीं रहा, उससे बहुत आगे निकल चुका है। लेकिन अब 2024 में विजयन निराश हैं कि राहुल बौद्धिक स्तर पर अभी भी 2011 में ही रुके हुए हैं, यानी अमूल बेबी। इस सबके बावजूद कांग्रेस और सीपीएम देशभर में सांझी चुनाव रैलियां भी कर रहे हैं। इन रैलियों में राहुल भी होते हैं और सीपीएम के दिग्गज भी। पर धुकधुकी दोनों को लगी रहती है। कामरेड डरे रहते हैं कि कहीं राहुल मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की गिरफ्तारी की मांग न कर दें, और कांग्रेस वाले डरे रहते हैं कि कहीं कामरेड राहुल गांधी के डीएनए की जांच की मांग न कर दें। यही हालत पंजाब में है।

चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी के भगवंत मान कहते हैं कि कांग्रेस से अच्छी कोई पार्टी नहीं है। इसके प्रत्याशी को जिताओ। लेकिन दस कदम चलने पर पंजाब आ जाता है। वहां कार से उतर कर वही भगवंत मान चिल्लाते हैं, कांग्रेस से बचो। यह सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी है। स्थिति दिन-प्रतिदिन हास्यास्पद होती जा रही है। लेकिन दोनों बराबर डटे हुए हैं कि भाजपा को हराना है। दरअसल आज भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा संकट विश्वसनीयता को लेकर है। राजनीतिक दल येन केन प्रकारेण सत्ता हथियाना चाहते हैं। विचारधारा की उनकी दृष्टि में कोई अहमियत नहीं रह गई है। अभी तक सीपीएम के बारे में यह माना जाता था कि वह विचारधारा पर आधारित पार्टी है। लेकिन वह अपने विदेशी स्वभाव के कारण सौ साल बीत जाने पर भी हिंदुस्तान में अपने पैर नहीं जमा सकी। समाप्ति के इस अंतिम चरण में उसने भी किसी न किसी तरह सांस चलती रहे के सूत्र को आधार मान कर कांग्रेस के साथ गठबंधन करके अपनी स्थिति हास्यास्पद बना ली है। ऊपर के सभी प्रकरण इसी पृष्ठभूमि में समझे जा सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी पर भी यह आरोप लग रहा है कि उसने भी दूसरे दलों के अनेक लोगों को शामिल कर लिया है। लेकिन भाजपा उन लोगों का उपयोग भी अपनी वैचारिक यात्रा को गति प्रदान करने के लिए ही कर रही है। यही कारण है कि आज सब राजनीतिक दल चिल्ला रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी अपने एजेंडे के हर काम को क्रियान्वित कर रही है।

> अभी तक सीपीएम के बारे में यह माना जाता था कि वह विचारधारा पर आधारित पार्टी है। लेकिन वह अपने विदेशी स्वभाव के कारण सौ साल बीत जाने पर भी हिंदुस्तान में अपने पैर नहीं जमा सकी। समाप्ति के इस अंतिम चरण में उसने भी किसी न किसी तरह सांस चलती रहे के सूत्र को आधार मान कर कांग्रेस के साथ गठबंधन करके अपनी स्थिति हास्यास्पद बना ली है।

## अंचल

# जागरूकता रैली के बाद दिलाई मतदान करने की शपथ




**मण्डलेश्वरः** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिये लोगो में जागरूकता हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर नगर परिषद मण्डलेश्वर द्वारा शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं के साथ शासकीय स्कूल प्रांगण से जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें विद्यार्थी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मतदान करने की अपील वाले बैनर पोस्टर लेकर चल रहे थे साथ ही बच्चो ने मतदान करने के लिये नारे भी लगाए। जागरूकता रैली स्कूल ग्राउंड से बस स्टैंड होकर वापस स्कूल परिसर पहुंची जहां पर सीएमओ शिवजी आर्य ने उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई।महात्मा गांधी शासकीय स्कूल के प्राचार्य जेके सोनी, शासकीय कन्या उमावि के प्राचार्य एसएस डाबर, प्रधान पाठक दिलीप खेडेकर, दीपक चौबे, जुगल पाटीदार, एनसीसी अधिकारी राकेश बारिया, स्पोर्ट्स टीचर मुश्ताक पठान, जनशिक्षक सरदार सिंह ठाकुर, शबनम खान पठान, ज्योत्सना शर्मा, अरुणा सोलंकी, सीमा भटोरे, कविता भालसे, प्रिया पाण्डे, मेघना कानूनगो, मोनिका मण्डलोई, प्रिया कोठारी एवं नगर परिषद से कैलाश मिश्रा, मुकेश श्रीवास, इंद्रजीत सिंह चौहान, सुखदेव डावर, अभिषेक वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू चौहान, अम्बिका गोयल, मीनाक्षी रावल, शांति कानूडे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षक नगर परिषद कर्मचारी एव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## रसायन विज्ञान में भी कॅरियर बना सकते हैं विद्यार्थी : डॉ. द्विवेदी



**मण्डलेश्वर।** शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर में कैरियर काउंसिलिंग प्रोग्राम के अंतर्गत रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सागर सिंह ठाकुर द्वारा रसायन विज्ञान विषय में कैरियर के अवसरों का अवलोकन विषय पर डॉ धनंजय द्विवेदी का व्याख्यान आयोजित करवाया गया। जिसमे डॉ धनंजय द्विवेदी द्वारा विद्यार्थियों को रसायन शास्त्र विषय से क्याझक्या रोजगार की संभावना है उसके बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। इसी प्रोग्राम के तहत महविद्यालय के ग्रंथपाल दीपक यादव द्वारा पुस्तकालय एवम सूचना विज्ञान विषय में कैरियर की संभावनाओं के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की एवं विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। साथ ही विश्व बैंक परियोजना के तहत रसायन विभाग के लैब इक्विपमेंट पर वर्कशॉप आयोजित कर हैंड्स ऑन ट्रेनिग विद्यार्थियो को प्रदान की गई। उक्त प्रोग्राम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

### लघु उद्योग भारती का 31 वां स्थापना दिवस मनाया

# हर महिला शक्ति चाहे वह गृहिणी हो किसी उद्यमी से कम नहीं : अग्रवाल



**देवास।** लघु उद्योग भारती के स्थापना दिवस पर देवास इकाई ने विभिन्न आयोजन किए। जिसमे प्रातः माता टेकरी पाथ वे पर सफाई अभियान चलाया गया। जिसमे सभी सदस्यों ने अपना अपना योगदान देकर साफ सफाई की। उसके पश्चात प्रति वषार्नुसार उज्जैन रोड़ पर जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर संघ के विभाग संघचालक श्री अजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जल मंदिर का शीतल जल भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देगा। साथ ही शाम को लघु उद्योग भारती देवास इकाई का परिवार मिलन समारोह आयोजित हुआ। जहां देवास की महिला संयोजीका इकाई का गठन हुआ। इसमें रचना तलाठी इकाई संयोजिका एवं किंशू गुप्ता, राधिका मूंदडा एवं सारिका राय को सहसंयोजिका के रूप में मनोनीत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता और भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर हुई। स्वागत भाषण इकाई के अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संघ के जिला संघचालक विमल अग्रवाल थे। श्री अग्रवाल ने महिला संयोजिका इकाई की घोषणा की। अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि हर महिला शक्ति चाहे वह गृहणी ही क्यों न हो वह भी किसी उद्यमी से कम नही होती है। उन्होंने कहा हमें अपने अधिकारों से ज्यादा कर्तव्यों पर ध्यान देना चाहिए। संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष समीर मुंदड़ा और प्रदेश संयुक्त महामंत्री सतीश मुकाती ने लघु उद्योग भारती की गतिविधियों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी ने शत प्रतिशत मतदान का आग्रह करते हुए अपनी बात रखी। इकाई के सचिव विजेंद्र उपाध्याय ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल ने किया।

# अमलतास अस्पताल में नवजात शिशु का संपूर्ण रक्त बदलकर बचाई जान



**देवास।** अमलतास अस्पताल के डॉक्टर्स ने एक दिन के नवजात शिशु का सम्पूर्ण रक्त बदलकर (एक्सचेंज ट्रांसफ्यूजन) शिशु को नया जीवन दियो आमतौर पर यह प्रकिया आसपास के क्षेत्र में संभव नहीं है बड़े शहरो के अस्पतालों या मेडिकल कॉलेजों में निर्भर रहना पड़ता है जिसमे 70 से 80 हजार रुपए का खर्च आता है इसमें मरीज की मृत्यु की भी आशंका बनी रहती है अमलतास अस्पताल के डॉक्टर्स के मुताबिक जन्म के दूसरे दिन ही शिशु में पीलिया के लक्षण आने लगे । पीलिया का स्तर पहले 24 घंटे में 24 था रिपोर्ट देखकर डॉक्टर चौंक गये । बच्ची के माता पिता को अनहोनी की आशंका सताने लगी माँ ओर बच्चे दोनो का ब्लड ग्रुप अलग अलग था माँ का ब्लड ग्रुप नेगेटिव और शिशु का पॉजिटिव था जिससे शिशु में खुन की कोशिकाएं नष्ट होने से गंभीर पीलिया व खुन की कमी होने लगी अस्पताल की टीम ने शिशु की जान बचाने के लिए एक्सचेंज ट्रांसफुसन (सम्पूर्ण रक्त बदलाव) का निर्णय लिया एवं शिशु का पुरा खुन बदला गया और खुन बदलते ही पीलिया का स्तर सामान्य हुआ इस प्रकिया में चार घंटे लगे अब शिशु पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है अमलतास के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शाहबाज खान द्वारा बताया गया की शिशु की स्थिति देखकर रात के समय इस प्रकिया को करने का निर्णय लिया गया देरी करने पर पीलिया का स्तर दिमाग तक जा सकता था शिशु के माता पिता द्वारा डॉ.रावलीन कौर सबरवाल , डॉ. अनुष्का जाट एवं समस्त एनआईसीयू स्टाफ का धन्यवाद दिया एवं इस खचीर्ली बिमारी का आयुष्मान योजनान्तर्गत निशुल्क ईलाज के लिये शासन का आभार प्रकट कियो अमलतास अस्पताल के चेयरमैन श्री मयंक राज सिंह भदौरिया द्वारा सभी चिकित्सक एवं स्टाफ को शुभकामनाएं दी एवं बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना की

# सोसायटियों की ऋण की राशि जमा करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल, डिफाल्टर होने से बचने के लिए तीन दिन शेष

## ड्यू डेट के बाद लगेगा 12 प्रतिशत ब्याज 973 करोड़ का ऋण वितरण हुआ, 37 हजार किसान डिफाल्टर

**धार।** खरीफ सीजन में किसानों द्वारा सोसायटियों के माध्यम से लिया गया फसल ऋण वसूली को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा वसूली की जा रही है। वही प्राथमिक साख संस्थाओं के माध्यम से किसानों को अल्पकालीन फसल ऋण का वितरण किया जाता है। जिले में 1 लाख 33 हजार किसानों को लगभग 973 करोड़ का ऋण बांटा गया। इसकी वसूली के लिए 30 अप्रैल अंतिम तारीख है। जो चार दिन शेष बचे है। वही पूर्ण में 30 अप्रैल थी जो बढ़ा दी थी। वही एक महीना यू डेट बढने से किसानों को राहत मिली थी। वही किसान 30 अप्रैल से पहले पैसा जमा करवा देते है तो जीरो व्याज का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा सोसायटियों के माध्यम से किसानों को हर साल खरीफ और रबी सीजन में अल्प अवधि के लिए ऋण दिया जाता है, जिसे किसानों को सालभर की अवधि में वापस करना होती है। यह राशि किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर दी जाती है।



### समय पर मिल सके किसानों को पैसा:

किसानों द्वारा मंडियों के साथ सरकारी खरीदी गेंहू शुरू होने के बाद किसानों ने सोसायटी का ऋण जमा करना शुरू कर दिया था । कहि सोसायटी आज की स्थिति में शत प्रतिशत ऋण वसूली पर जोर दे रहे हैं वहीं कर्मचारियों को गांव में पहुंचकर किसानों का लेखा-जोखा दिया जा रहा है कि आपका कितना पैसा सोसायटी में जमा करना है ।वही इसको लेकर किसानों को पत्रक दिए गए है।

वही नाम न छापने की शर्त पर एक किसान ने बताया के हम सोसायटी में पैसा तो समय से पहले जमा कर देते हैं। मगर हमें सोसाइटियों द्वारा समय पर वापस ऋण का पैसा समय पर नहीं दिया जाता है । वहीं 20 से 25 दिन तक हम सोसायटी के भरोसे रहते हैं । नियम तो 8 से 10 दिन में वापस ऋण देने का रहता है मगर हमें समय पर ऋण नही मिल पाता है।

### 1 लाख 3 हजार किसानों दिया 707 करोड़ ऋण वसूली :

जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के अंतर्गत जिले में 94 सोसायटियां संचालित हो रही है। इसके अलावा बैंक की 29 शाखओं से ऋण का वितरण किया जाता है। सीसीबी। बैंक से मिली जानकारी के अनुसार जिले में बैंक के एक लाख 33 हजार कृषक सदस्य हैं। इनमें 96 हजार 171 किसान नियमित और 37 हजार 175 किसान कालातित (डिफाल्टर) श्रेणी में शामिल है। किसानों पर बैंक का करीब 975 करोड़ का ऋण बाटा गया था। हालांकि वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने 707 करोड़ रुपए नियमित राशि की वसूली की गई है वही अभी कुछ दिन शेष बचे है जो शतप्रतिशत वसूली ह्यो जायेगी। 30 अप्रैल के बाद किसानों को 12 प्रतिशत ब्याज लगेगा।

### कर्ज माफी में कुछ किसानों का फायदा तो कुछ हुए डिफॉल्टरः

जिले में बड़ी संख्या में ऐसे किसान भी है, जो पहले से डिफॉल्टर है। जिनकी सख्या 37 हजार से अधिक है। क्योकि दो साल पहले किसानों की कर्ज माफी के दौरान सरकार ने उनका कर्ज माफ कर दिया था जिससे वह आज रेगुलर की स्थिति में आ गए हैं। वही कहि किसानों पहले सालो से अब तक बैंक का पैसा जमा नही किया है। अगर बैंक में समझता शिविर लगता है तो कुछ किसान बैंकों का पैसा जमा कर सकते है। अगर नियम की बात करे तो डिफॉल्टर किसानों को बैंक से दोबारा ऋण सहित सोसायटियों से खाद नहीं मिलता है। अधिकांश किसानों ने कर्ज माफी के चक्कर में ऋण की अदायगी नहीं की थी। अब जीरो प्रतिशत ब्याज के लाभ से भी वंचित हो गए हैं।

## ब्रीफ न्यूज़

### बंधपत्र का उल्लघंन किए जाने पर राशि राजसात, सजा भी सुनाई

**अलीराजपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 की आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए आज दिनांक 25.04.2024 को थाना बोरी द्वारा धारा 107-116 (3) सीआरपीसी के तहत वर्ष 2023 में प्रस्तुत इस्तगासा आधार पर अंतिम बाण्ड ओवर अनावेदक भूरसिंह पिता जोगडिया निवासी गाबनीसालर एवं राकेश पिता मुकाम रावत निवासी गाबनीसालर थाना बोरी के द्वारा आगामी छः माह अवधि में सदाचार कायमी रखने हेतु बंधपत्र का उल्लघंन किए जाने पर थाना बोरी द्वारा इन आरोपी गणों के विरूद्ध धारा 122 सीआरपीसी के तहत इस्तगासा तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी न्यायालय जोबट के समक्ष पेश किया गया था। जिस पर तहसीलदार न्यायालय द्वारा प्रकरण में आरोपी गणों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर देकर आरोपी द्वारा बंधपत्र राशि के उल्लंघन में बचाव हेतु कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए। धारा 122 सीआरपीसी के प्रकरण में राकेश पिता मुकाम रावत निवासी गाबनीसालर थाना बोरी द्वारा बंधपत्र का उल्लंघन करने पर दोषी मानते हुए राशि रू. 10 हजार राजसात की गई। अनावेदक भूरसिंह पिता जोगडिया जाति मिलाला निवासी गाबनीसालर को बंधपत्र का उल्लंघन में दोषी मानते हुए राशि रू. 10 हजार राजसात कर बंधपत्र की शेष तथा दिनांक 13 मई 2024 तक साधारण कारावास से दण्डित किया गया। उक्त जानकारी तहसीलदार श्री सुनील राणा द्वारा दी गई ।

### जागरूकता अभियान रैली



**बड़वाह।** देश के सर्वोच्च पंचायत लोकसभा हेतु वार्ड 15 बड़वाह में परियोजना अधिकारी अनिल जैन एवम पर्यवेक्षक सुशीला खलको के मार्गदर्शन में मतदान जागरूकता रैली अभियान के अंतर्गत श्रीमती अर्चना आरस आगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका श्रीमती निशा शर्मा द्वारा मतदाताओं के घर घर जा कर पीले चावल रखकर मतदाताओं से 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक संख्या में सम्मिलित होकर सहभागिता की अपील की और सभी लोगो को मतदान दिवस पर मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मतदान का उपयोग अवश्य करे।

### हाई स्कूल-हायर सेकंडरी में सीएम राइस का परीक्षा परिणाम ब्लॉक में रहा प्रथम



**किल्लोद।** माध्यमिक शिक्षा मंडल हाईस्कूल-हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमे सी.एम.राइज मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम ब्लॉक में प्रथम स्थान पर रहा। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 78% तथा 12 वीं का 67% रहा। कक्षा 10 वीं में प्रथम स्थान छाया पिता अनिल पिपलोदे ने 86% के साथ विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सलोनी पिता संतोष सिन्धकरे ने 82 % प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में प्रथम स्थान अजित पिता अनिल देवड़ा ने 91% विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान हरिओम पिता खड़कसिंह मुवेल ने 89% के साथ रहा। कक्षा 12 वीं में गणित, जीव विज्ञान तथा वाणिज्य विषय का परिणाम 100% रहा। संस्था प्रभारी डॉ.राजेंद्र चाकरडे, मिडिल स्कूल प्रभारी श्रीमति सपना यादव तथा ब्रजेश शर्मा, बिजेश पिपलोदे, मोहित झावरे,आत्माराम कलम, विजय सिटोले, प्रीतिबाला चौहान सहित समस्त स्टॉप ने छात्रों का पुष्पहार एवं मिठाई खिलाकर छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये एवं बधाई दी।

### आबकारी विभाग आलीराजपुर ने जब्त की लाखों की अवैध शराब और वाहन

**अलीराजपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर अलीराजपुर श्री अभय अरविंद बेडेकर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत मदिरा और अन्य मादक पदार्थों के अवैध रूप से क्रय-विक्रय ,भंडारण और परिवहन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर सूचना पर अलीराजपुर के ग्राम झाबुआ में नाका लगा कर एक सिल्वर ग्रे रंग के मार्शल वाहन जो जोबट से अलीराजपुर की ओर आ रहा था में तलाशी के दौरान उक्त मदिरा जब्त की गई । कंट्रोल रूम प्रभारी श्री जी. एस. रावत के नेतृत्व में आबकारी की टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम आम्बुआ में जप्त की गई मदिरा की कुल मात्रा 912 बल्क लीटर है। जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य राशि 218880/-रुपए एवम वाहन का अनुमानित मूल्य 4 लाख है इस प्रकार जब्त वाहन और मदिरा की कुल कीमत 6,18,880/दरुपए है वृत्त प्रभारी सुश्री जयश्री वर्मा द्वारा मदिरा और वाहन जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) में प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी संजय पिता चैनसिंह भूरिया निवासी आम्बुआ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ,प्रकरण की विवेचना जारी है ।

## अपर कलेक्टर ने किया अंतरराज्यीय सीमा चेकपोस्ट टिमरवानी थांदला का निरीक्षण



**झाबुआ।** लोकसभा निर्वाचन के तहत बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होने की स्थिति में अपर कलेक्टर श्री एस एस मुजाल्दा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पी एल कुर्वे द्वारा मध्यप्रदेश-राजस्थान सीमा पर स्थित कुशलगढ़ और थांदला के बीच स्थित टिमरवानी चेकपोस्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र में मतदान होने के कारण एसएसटी, एफएसटी ,वीएसटी दलों को सावधानी बरती जानें , लोकसभा निर्वाचन से संबंधित तैयारियों, सीसीटीवी की उपलब्धता और चेकपोस्ट पर ड्यूटी देने वालो दलों के लिए उपलब्ध सुविधा जैसे टेंट, पीने के पानी, रुकने की व्यवस्था का जायजा लेकर मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीओपी श्री रविन्द्र सिंह राठी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मै मतदान करूंगा हस्ताक्षर अभियान



**अलीराजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अभय अरविंद बेडेकर के निदेर्शानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारा एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता के लिए मै मतदान करूँगा हस्ताक्षर अभियान की मुहिम जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई है । इस हस्ताक्षर अभियान में युवाओं द्वारा बढ चढ कर भाग लिया जा रहा है इस कड़ी में जिले में स्थित महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुच कर इस हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया एवं जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ भी ली ।

### एसोसिएशन ने की इसे बदलने की मांग, सभी जगह जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

## बिना लाइसेंस ओटीसी दवाओं की बिक्री के विरोध में केमिस्ट

**शाजापुर।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने भारत में बिना लाइसेंस के ओवर-द-काउंटर दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर गहरी चिंता व्यक्त की है।इसे लेकर सभी जगह ज्ञापन सौंपकर इसका विरोध जताते हुए इसमें परितर्वन की मांग की है। जिला केमिस्ट संगठन के जिला अध्यक्ष विकास सिंदल ने बताया कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस शिंदे एवं महासचिव राजीव सिंघल ने देश के स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख स्वास्थ्य सचिव, भारत के औषधि महानियंत्रक, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक, राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के अध्यक्ष और अन्य संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें बताया गया कि इस तरह का कदम मौजूदा दवा कानूनों, फामेर्सी विनियमों और सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों सहित प्रासंगिक कानूनी ढांचे का उल्लंघन करेगा। उचित विनियमन के बिना ओटीसी दवा बिक्री की अनुमति देने से गंभीर खतरे पैदा होते हैं। एक तो खतरनाक स्व-चिकित्सा और नशीली दवाओं का दुरुपयोग बढ़ेगा, फार्मासिस्ट परामर्श सेवाओं का अभाव, प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं का बढ़ता जोखिम, नकली दवाओं का प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में देरी, दवा की अधिक मात्रा के कारण बीमारियों की अधिक घटनाएं, दवा भंडारण के मानकों से समझौता करना होगा और सभी खतरे और चैलेंज जनता के लिए होंगे। संगठन ने मांग की है कि सरकार इस प्रस्ताव पर विचार करें। क्योंकि इस सामान्य दुकानों के अलावा किराने की दुकानों में दवाओं की अनियमित उपलब्धता समाज के सर्वोत्तम हितों की पूर्ति नहीं करती है। देश भर में 12.40 लाख केमिस्टों की सदस्यता के साथ, संगठन की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की अखंडता को कमजोर करने वाले किसी भी उपाय का दृढ़ता से विरोध करता है।

### पुलिस ने पिकअप वाहन, 7 दोपहिया वाहनों के साथ लाखों की अवैध शराब की जब्त

## फूड डिलीवरी की तर्ज पर अवैध शराब की तस्करी





**धार।** तिरला पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर ग्राम खिडकियाखुर्द से एक पीकअप वाहन सहित 7 मोटरसाइकिलों को जप्त किया है। पुलिस ने मौके से लाखों की अवैध शराब को भी जप्त किया है। उक्त अवैध शराब को फूड डिलीवरी की तर्ज पर गांवों में पहुंचाया जा रहा है था इससे पहले तिरला पुलिस ने दबिश देकर कार्यवाही को अंजाम दिय है। कार्रवाई के दौरान शराब तस्करी के आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज जांच शुरू की है। तिरला के ग्राम खिडकियाखुर्द में पड़ोसी जिले से एक पीकअप वाहन में अवैध बीयर की पेटियां भरकर लाई गई थी इन बीयर की पेटियों को सप्लाय चैन बनाकर दो पहिया वाहनों से अन्य गांवों में सस्ते दामों में बेचा जाना था। तिरला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खिडकियाखुर्द में पीकअप वाहन एमपी 09 जीएच 9514 में अवैध बीयर की पेटियां भरकर गांव में आ रही है जिसे खाली करवाकर दो पहिया वाहनों से दूसरे गांवों में बेचा जाएगा। मुखबिर की सूचना पर तिरला पुलिस ने ग्राम खडिकियाखुर्द में दबिश दी। पुलिस को देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीकअप वाहन से 42 पेटी बीयर कीमती 2 लाख और पीकअप वाहन के साथ एक स्कटूी और 6 मोटरसाइकिलों को जप्त किया है।

**फूड डिलीवरी की तर्ज पर अवैध शराब की तस्करी :** तिरला के खिडकियाखुर्द में फूड डिलीवरी की तर्ज पर अवैध शराब की तस्करी की जा रही थी। शराब के तस्कर दूसरों जिले की शराब दुकानों बड़ी मात्रा में शराब को लेकर आ रहे है, फरि इस शराब को दो पहिया वाहनों की मदद से ग्रामीण इलाकों की किराना और छोटी-छोटी दुकानों सप्लाय कर दिया जाता है। शुक्रवार को तिरला पुलिस की कार्रवाई में एक स्कूटी के साथ 6 मोटरसाइकिले जप्त की गई है। इन दो पहियां वाहनों पर सबजियों की कैरेटों में बीयर भरकर सप्लाय की जा रही थी।

**मौके से फरार हुए आरोपी :** खिडकियाखुर्द में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में कई आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस पुछताछ में बताया कि उक्त पीकअप वाहन दरबार पिता अनसिंह और साथी इंदरसिंह पिता दरियाव का है। दोनों ही इस वाहन में शराब को भरकर गांव में लाए थे और दो पहिया वाहनों लोड करवा रहे थे।

## घर से ही मतदान कर सकेंगे दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता

### बीएलओ ने जुटाई जानकारी, भरवाए आवेदन फॉर्म

**शाजापुर।** लोकसभा चुनाव के लिए 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर से ही मतदान की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर जानकारी जुटाई गई है और उनके आवेदन फार्म भी भरवाए गए हैं ताकि ये लोग मतदान से वंचित न रहे। देवास संसदीय क्षेत्र लोकसभा निर्वाचन में जिले के 537 ऐसे मतदाता हैं। वे अपने घर से ही मतदान करेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद जिले में बीएलओ ने घर-घर जा कर जानकारी जुटा कर निर्धारित फार्म भरवाए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने जिन मतदाताओं की आयु 85 वर्ष से अधिक है उन्हें एवं पीडब्ल्यूडी मतदाताओं जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग है, उन्हें घर पर रहकर ही मतदान करने की सुविधा प्रदाय की है। शाजापुर में 232, शुजालपुर में 153, और कालापीपल में 152 मतदाता है। पूरे शाजापुर जिले में ऐसे 537 मतदाता है। जो अपने घर से ही मतदान करेंगे। 6 मई से 8 मई के बीच मतदान दल इनके घरों पर पहुंचेंगे और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इनसे मतदान करवाएंगे।

# भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर ने सरकारी रुपए का दुरुपयोग कर बनाया बंगला

## कांग्रेस प्रत्याशी मुवेल ने लगाए आरोप, शपथ पत्र में आवास का कालम खाली, कलेक्टर से शिकायत



**धार।** सांसद रहते हुए सावित्री ठाकुर ने सरकारी पैसों का दुरुपयोग किया है। उन्होंने सांसद निधि से कृषि भूमि पर दो मंजिला मकान तान लिया। लाखों की राशि खुद की निधि से खर्चा कर दी। इसका उल्लेख शपथ पत्र में कहीं से कहीं तक नहीं है। यह आरोप धार-महू लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल ने भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर पर लगाए। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान राधेश्याम मुवेल ने एक आपत्ति दर्ज करवाई गई है। आपत्ति में राधेश्याम मुवेल ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी द्वारा शपथ पत्र में कई कालमों की जानकारी नहीं देने और तथ्यों को छुपाने का उल्लेख किया है। मुवेल ने बताया कि ठाकुर ने पूर्व सांसद रहते हुए ग्राम बगवानिया की कृषि भूमि में फार्म हाउस का भवन बनाया है। जिसका उपयोग वे खुद कर रही है। इस तथ्य का आवास और वाणिज्यक भवन के कालम में उल्लेख नहीं कर भवन निर्माण को आम मतदाताओं से छुपाया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सांसद निधि से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 14.89 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश 17 अगस्त 2016 को है।

**पूर्व में न्यायालय कर चुका है नामांकन खारिज :** जानकारी छुपाने के मामले में मुवेल ने पहली शिकायत कलेक्टर को की है। मुवेल ने कहा कि वे अब न्यायालय जाएंगे। पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय ने अपने प्रकरणों में निर्णित किया है कि शपथ पत्र में कालम खाली रखने और जानकारी छुपाने के कारण नामिनेशन फार्म रिजेक्ट किए है। माननीय न्यायालय ने सुरेश भंडारी और नीना वर्मा के मामले में निर्णय दिया है। वही भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया के जो फॉर्म में जानकारी भरी गई वह सत्य है। व सभी जानकारी पूर्ण व सही है। जो संपत्ति मेरी है उसको मैंने दर्ज कर दिया है। जो कांग्रेस प्रत्याशी कह रहे हैं वही जुट व निराधार आरोप है।

### केजरीवाल सरकार को कड़ी फटकार

# दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- हमारी शक्तियों को हल्के में मत लीजिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2 लाख से अधिक छात्रों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने में विफल रहने पर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली टउऊ को कड़ी फटकार लगाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, दिल्ली सरकार सिर्फ सत्ता के इस्तेमाल में ही रुचि रखती है और अपनी गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा न देकर अरविंद केजरीवाल ने व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के ऊपर रखा है।

बार एंड बेंच वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केजरीवाल सरकार पर ये तीखी टिप्पणियां कीं। इस ढक्छ में यह मुद्दा उठाया गया है कि टउऊ के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्यपुस्तकें नहीं मिली हैं और वे टिन शेड में पढ़ रहे हैं। बता दें कि मामले की पिछली सुनवाई के दौरान अदालत की कार्यवाही में शामिल हुए टउऊ आयुक्त ने कोर्ट से कहा था कि नोटबुक, स्टेशनरी आइटम, ड्रेस और स्कूल बैग के वितरण न होने का एक प्रमुख कारण टउऊ में ह्यस्टैंडिंग कमेटी (स्थायी समितियों) का गठन न होना है और केवल स्थायी समिति के पास ही 5 करोड़ से अधिक मूल्य के अनुबंध देने की शक्ति और अधिकार क्षेत्र है।




### हमारी शक्तियों को कम मत आंकिए

हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आप हमें हल्के में ना लीजिए। कोर्ट ने कहा, ह्यआप हमारी हिम्मत को कम मत आंकिए। आप हमारी शक्ति को कम आंक रहे हैं... आप बच्चों को ट्रेडिंग पॉइंट के रूप में रख रहे हैं, वे हमारे लिए एक ट्रेडिंग वस्तु नहीं हैं। कोर्ट ने इस मामले में आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि फैसला सोमवार को सुनाया जाएगा।

### सरकार ने कहा- सीएम हिरासत में हैं

दिल्ली सरकार के वकील ने शादान फरासात ने कोर्ट को बताया कि मंत्री सौरभ भारद्वाज से मिले निर्देश में कहा गया है कि एमसीजी की स्टैंडिंग कमेटी की अनुपस्थिति में, एक उपयुक्त प्राधिकारी को अधिक शक्तियां सौंपने के लिए मुख्यमंत्री की सहमति की जरूरत पड़ती हैं, लेकिन उनके हिरासत में होने की वजह से यह नहीं हो पा रहा है। फरासान की इस दलील को सुनने के बाद एसीजे मनमोहन ने कहा कि, क्योंकि वहां खालीपन है, इसका यह मतलब नहीं है कि छात्रों को पाठ्यपुस्तकों के बिना पढ़ाई करने की अनुमति दी जा सकती है। कोर्ट की कार्यवाही के दौरान एसीजे मनमोहन ने दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज के व्यवहार पर भी टिप्पणी की और कहा कि छात्रों की दुर्दशा को लेकर उन्होंने आंखें मूंद ली हैं और घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे आदेश में सौरभ भारद्वाज का नाम भी डालेंगे।

### कोर्ट ने कहा- यह तो आपकी मर्जी है

सीएम के हिरासत में होने की दलील पर कोर्ट ने कहा, ह्ययह आपकी मर्जी है क्योंकि आपने कहा था कि मुख्यमंत्री के हिरासत में होने के बावजूद सरकार काम करती रहेगी। आप हमें उस रास्ते पर जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जिस पर हम नहीं जाना चाहते। हमने अपने सामने आई जनहित याचिकाओं में कई बार ऐसा कहा है कि लेकिन यह आपके प्रशासन की मर्जी है। अगर आप चाहते हैं कि हम इस पर टिप्पणी करें, तो हम पूरी सख्ती के साथ ऐसा करेंगे। इसके बाद फरासत ने कोर्ट को टउऊ के पास स्थायी समिति नहीं होने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि एलजी (उपराज्यपाल) ने अवैध रूप से पार्षदों की नियुक्ति की थी और यह मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में है। साथ ही फरासान ने कोर्ट से यह भी कहा कि दिल्ली सरकार के पास वैसे भी ज्यादा शक्तियां नहीं हैं।

### किताबें, ड्रेस बांटना हमारा काम नहीं

कोर्ट ने आगे कहा एक अदालत के रूप में किताबों, ड्रेस आदि का वितरण करना हमारा काम नहीं है, हम ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कोई अपने काम में विफल हो रहा है। आपके क्लाइंट सिर्फ सत्ता में रुचि रखते हैं। मुझे नहीं पता कि आप (दिल्ली सरकार) कितनी शक्ति चाहते हैं?

### कांग्रेस ने लगाया आरोप, कहा- मनमोहन सिंह की टिप्पणियों को नड्डा ने गलत तरीके से किया पेश

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बन गए हैं 'झूठ प्रचार नड्डा'

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हमले पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह झूठ प्रचार नड्डा बन गए हैं और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की टिप्पणियों को गलत संदर्भ में पेश कर रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हार सुनिश्चित देकर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष और सत्तारूढ़ दल के नेता बौखला गए हैं और ऐसे में वे ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं।

नड्डा ने कांग्रेस पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकारों को छीनना चाहती है तथा यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। नड्डा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों का है। रमेश ने एक बयान में कहा, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आरोप झूठ पर आधारित हैं। लगता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हवा उनको लग गई है और झूठ प्रचार नड्डा बन गए हैं।

उनका कहना है कि भाजपा अध्यक्ष ने 9 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में मनमोहन सिंह द्वारा दिए गए भाषण को गलत तरीके से पेश किया है। रमेश के अनुसार, मनमोहन सिंह ने कहा था, मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं बहुत स्पष्ट हैं। कृषि, सिंचाई एवं जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रम हमारी प्राथमिकताएं हैं। उनके मुताबिक, तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इससे आगे कहा था, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए योजनाओं को नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है। हमें ये सुनिश्चित करने के लिए नई योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिमों को विकास में समान भागीदारी मिले। संसाधनों पर पहला हक उनका होना चाहिए। केंद्र के पास असंख्य अन्य जिम्मेदारियां हैं जिनकी मांगों को समग्र संसाधन उपलब्धता के अनुरूप बनाना होगा।



### भाजपा बौखलाई हुई है

उन्होंने कहा कि बयान में यह देखा जा सकता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री का संसाधनों पर पहला हक का संदर्भ ऊपर सूचीबद्ध सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को संदर्भित करता है, जिनमें एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के उत्थान के कार्यक्रम शामिल हैं। रमेश ने दावा किया, असली बात है कि भाजपा बौखलाई हुई है। भाजपा दक्षिण भारत में साफ और उत्तर एवं मध्य भारत में हाफ। इसलिए अब उनकी एक ही रणनीति है कि ध्रुवीकरण, ध्रुवीकरण और ध्रुवीकरण।

### निर्विरोध चुने गए थे भाजपा उम्मीदवार

# सूरत में दोबारा चुनाव कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली।** गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभानी का पर्चा खारिज होने और अन्य प्रत्याशियों के द्वारा अपना पर्चा वापस लेने के बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया था।

अब सूरत में दोबारा चुनाव कराने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल की गई है। इसके लिए मतदाताओं के नोटा विकल्प पर वोट देने के अधिकार को आधार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने, और अन्य प्रत्याशियों के द्वारा पर्चा वापस लेने के बाद भी जनता के पास नोटा को वोट देने का विकल्प खुला हुआ था। चुनाव आयोग द्वारा मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित करने से मतदाताओं के नोटा विकल्प को वोट देने का अधिकार छिन गया है। सर्वोच्च न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि नोटा विकल्प की विश्वसनीयता बरकरार रखने के लिए चुनाव आयोग को सूरत में दोबारा चुनाव कराने का आदेश दिया जाए याचिकाकर्ता प्रताप चंद्र ने अमर उजाला से कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं को उनके किसी भी विकल्प से वंचित रखना लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। यह मतदाताओं के अधिकारों का अवमूल्यन भी है। चूंकि सूरत लोकसभा सीट पर चुनाव करवाये बिना ही भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया, यह मतदाताओं से नोटा विकल्प को छीनने जैसा है, जो किसी भी तरह सही नहीं कहा जा सकता। उनके अनुसार मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सूरत में चुनाव कराना बेहद आवश्यक है।



# बीरभूम से भाजपा उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन रद्द, फैसले को हाईकोर्ट में देंगे चुनौती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बीरभूम लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन चुनाव आयोग ने रद्द कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भाजपा उम्मीदवार ने अपने नामांकन के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा नहीं किया था। जिसके चलते चुनाव आयोग ने नामांकन रद्द करने की कार्रवाई की। देबासीश धर पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं और बीते महीने ही उन्होंने आईपीएस पद से इस्तीफा दिया था। दरअसल साल 2021 में देबाशीष धर कूच बिहार के एसपी थे। वहां सीतलकुची जिले में मतदान के दौरान हुए हंगामे के बाद सुरक्षा बलों की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी। जब ममता सरकार ने चुनाव के बाद कार्यभार संभालते ही देबाशीष धर को निलंबित कर दिया था। बीरभूम सीट पर देबाशीष धर का मुकाबला टीएमसी की शताब्दी रॉय से था, जो यहां से निवर्तमान सांसद हैं। उधर, देबाशीष ने संकेत दिए हैं कि वह इस फैसले को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। देबाशीष धर ने कहा कुछ तकनीकी कारणों से मेरा नामांकन रद्द हुआ है। पार्टी नेताओं से चर्चा के बाद मैं कलकत्ता हाईकोर्ट के दरवाजे खटखटाऊंगा। धर ने कहा कि निराधार तरीके से उनका नामांकन रद्द हुआ है। देबाशीष धर का नामांकन रद्द होने के बाद भाजपा ने देबतनु भट्टाचार्य को अपना नया उम्मीदवार घोषित किया है और भट्टाचार्य ने नामांकन भी कर दिया है। भट्टाचार्य संघ से जुड़े रहे हैं और पूर्व प्रचारक रहे हैं। नामांकन को लेकर भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी जो भी कहेगी, वो करेंगे। बीरभूम लोकसभा सीट पर चौथे चरण में यानी कि 13 मई को मतदान होगा।



## महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री को राहत, शरद पवार खेमे ने की थी शिकायत



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में एक अलग ही माहौल बना हुआ है। राजनीतिक दल एक दूसरे पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं चुनाव आयोग भी सख्त रुख अपनाए हुए है। इस बीच बारामती लोकसभा सीट पर राजनीतिक हलचल जारी है। यहां के निर्वाचन अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि शुरूआती जाचं में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा फंड से वोट मांगने पर की गई टिप्पणी के जरिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का कोई सबूत नहीं है। शरदचंद्र पवार के नेतृत्व वाली एनसीपीएसपी ने अजित पवार के खिलाफ चुनाव आयोग में आदर्श आचार संहिता और जनप्रतिनिधित्व कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। दरअसल, बारामती निर्वाचन क्षेत्र के इंदापुर में एक चुनावी रैली में अजित पवार ने हाल ही में कहा था, जहां तक फंड का सवाल है, हम आपको जितना चाहें उतना देने में सहयोग करेंगे। लेकिन इसके लिए ईवीएम का बटन बड़ी संख्या में दबाना होगा। अगर ईवीएम का बटन अधिक से अधिक दबाया जाएगा तो मुझे भी धन आवंटित करना अच्छा लगेगा, नहीं तो मुझे खुद को रोकना होगा।

### गढ़चिरौली में हाथी के हमले में महिला की मौत, दो घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक जंगली हाथी के हमले में 55 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। वन अधिकारी ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भामरागढ़ वन क्षेत्र के हिदुर गांव में हुई। उन्होंने बताया कि सभी लोग एक मंदिर में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद गांव लौट रहे थे। तभी एक हाथी ने उन पर हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि हमले में राजे हलामी की मौत हो गई और दो अन्य महिलाएं घायल हो गईं और उनका चंद्रपुर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**हालात**

### जापान में तेजी से घट रही जन्मदर, दस्तक दे रहा अस्तित्व पर संकट

# जापान की आबादी में होंगे आधे बुजुर्ग

**टोक्यो।** भारत एक तरफ चीन को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है तो वहीं कई मुल्क ऐसे हैं, जो घटती आबादी से परेशान हैं। इटली, दक्षिण कोरिया, रूस जैसे देशों में तेजी से आबादी घट रही है और इसके चलते वर्कफोर्स का संकट भी खड़ा हो गया है और अर्थव्यवस्था पर भी सीधा असर पड़ रहा है। यही नहीं भारत के गहरे दोस्त जापान के आगे भी ऐसी ही संकट की स्थिति है। जापान की आबादी 2008 से घटनी शुरू हुई थी। तब वहां की आबादी 128 मिलियन यानी 12.8 करोड़ थी, जबकि 2022 में यह तेजी से घटते हुए 125 मिलियन यानी 12.5 करोड़ ही रह गई।

अनुमान है यदि आबादी घटने की यही रफ्तार रही तो 2100 तक जापान की जनसंख्या 63 मिलियन ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि फिलहाल जापान की आबादी साढ़े 12 करोड़ है और अगले 75 सालों में यह 6.3 करोड़ ही रह जाएगी। इसकी वजह यह है कि जापान की जन्मदर तेजी से घट रही है। इसके अलावा एक और संकट जापान के आगे मुंह बाये खड़ा है। एक तरफ जापान में नए बच्चों के जन्म में कमी आ रही है तो वहीं दूसरी तरफ बुजुर्गों की संख्या भी बढ़ रही है। जापान की कुल आबादी में बुजुर्गों की संख्या वर्ष 2000 में 17.4 पर्सेंट थी, जो अब 2022 में बढ़कर 29 फीसदी हो गई।

### 2100 तक कुल आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी होगी 41.2 फीसदी



अब एक और डराने वाला अनुमान यह है कि जापान की कुल आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी 2100 तक 41.2 पर्सेंट हो जाएगी। इसका अर्थ है कि करीब आधे लोग जापान में बुजुर्ग ही होंगे। जापान में 2022 के आंकड़ों के अनुसार 15 से 64 साल यानी कामकाजी आबादी की 59 पर्सेंट ही रह गई, जो 20 साल पहले 68 पर्सेंट थी। अनुमान है कि 2100 तक यह आंकड़ा तेजी से कम होते हुए 51.2 तक ही ठहर जाएगा। जापान की इस घटती आबादी के कई कारण हैं। पहला यह कि बच्चों को पैदा करने और उनकी परवरिश में लोग बड़ा खर्च कर रहे हैं। ऐसे में महत्वाकांक्षी पैरेंटिंग के चलते लोग ज्यादा बच्चे नहीं पैदा कर रहे हैं।

एक वजह यह भी है कि जापानी कपल अब 30 साल की उम्र के बाद शादी करने को तवज्जो दे रहे हैं। इसकी वजह से बढ़ी उम्र में एक से अधिक बच्चे कम ही पैदा हो पा रहे हैं। लाइफस्टाइल में बदलाव भी इसकी एक वजह है। महिलाएं भी अब अपने करियर पर फोकस्ड हैं और कई बार इसके चलते शादी और बच्चों में देरी हो जाती है। जापान की आबादी में बढ़ती बुजुर्गों की संख्या ने जीडीपी पर भी असर डालना शुरू कर दिया है। श्रम योग्य आबादी घट रही है और उसका सीधा असर अब अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। फिलहाल महिलाओं के भी वर्कफोर्स में शामिल होने से यह संकट कम दिख रहा है, लेकिन बड़ी आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है, यह संकट आने वाले सालों में और अधिक दिखेगा।

### पांच दिन की बढ़त के बाद टूटा बाजार

# सेंसेक्स 609 अंक फिसला निफ्टी 22419 से नीचे




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में पिछले पांच दिन से जारी बढ़त पर हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन ब्रेक लग गया। मई सीरिज के पहले दिन घरेलू शेयर बाजार में मजबूत शुरूआत के बावजूद बाजार में बिकवाली दिखी। शुक्रवार को शुरूआती बढ़त गंवाकर घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लाल निशान पर बंद हुए।

देश में लोकसभा चुनाव के लिए हो रहे दूसरे चरण के मतदान के बीच शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 609.28 (0.81%) अंक टूटकर 73,730.16 पर बंद हुआ। दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 150.40 (-0.67%) अंक फिसलकर 22,419.95 के स्तर पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच बैंकिंग, वित्तीय और एफएमसीसजी कंपनियों के शेयरों में निवेश घटने से शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी में बिकवाली का दबाव रहा। कारोबारियों के अनुसार वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, रुपये में गिरावट और विदेशी पूंजी की सतत निकासी से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई।

मार्च तिमाही के नतीजों से निवेशकों को खुश करने में विफल रहने के बाद सेंसेक्स में बजाज फाइनैंस के शेयरों में सबसे ज्यादा 8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। बजाज फिनसर्व में भी 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में भी गिरावट दिखी। इस बीच, आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा के सीईओ द्वारा राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के लिए तीन साल की महत्वाकांक्षी रूपरेखा तैयार करने के बाद कंपनी के शेयरो में 7 प्रतिशत से अधिक की का उछाल आया। विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाभ में रहे।

एशियाई बाजारों में सियोल, तोक्यो, शंघाई और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। वॉल स्ट्रीट गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत बढ़कर 89.29 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे की गिरावट के साथ 83.35 (अस्थायी) पर बंद हुआ। शेयर बाजार के अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को सकल घरेलू शेयर बाजार से 2,823.33 करोड़ रुपये निकाले। बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स गुरुवार को 486.50 अंक यानी 0.66 प्रतिशत चढ़कर 74,339.44 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 167.95 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,570.35 अंक पर पहुंच गया था।

### देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांच खाद्य नियामक

# सवाल उठे तो हरकत में सरकार





**नई दिल्ली।** खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) ने जांच के मकसद से देश भर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर दिया है। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी है। सिंगापुर और हांगकांग में इन दोनों कंपनियों कुछ मसाला उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताये जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर, एफएसएसएआई बाजार से एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे तय मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) निर्यात किये जाने वाले मसालों की गुणवत्ता का नियमन नहीं करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत आने वाला एफएसएसएआई घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले उत्पाद की गुणवत्ता की जांच करने के लिए नियमित रूप से बाजार से मसालों के नमूने लेता है। इस बीच, भारतीय मसाला बोर्ड भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर हांगकांग और सिंगापुर में लगाए गए प्रतिबंध पर गौर कर रहा है। इन मसालों में कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाये जाने की बात कही गयी है।

भारतीय मसाला बोर्ड की निदेशक ए बी रेमा श्री ने पीटीआई से कहा, हम इस मामले को देख रहे हैं। हम इस पर कायम हैं। इस बारे में कंपनियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों से नहीं बेचने को कहा है, जबकि सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने ऐसे मसालों को वापस लेने का निर्देश दिया है। इन उत्पादों में, एमडीएच के मद्रास करी पाउडर (मद्रास करी के लिए मसाला मिश्रण), एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिश्रित मसाला पाउडर और एमडीएच करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर शामिल हैं।

# आईपीओ के लिए एक्टिव मोड में स्विगी सेबी की हरी झंडी का इंतजार




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवर करने वाली कंपनी स्विगी का प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) आने वाला है। जानकारी के मुताबिक स्विगी ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल किया है। यह आईपीओ 1.25 बिलियन डॉलर का है। ईटी की एक रिपोर्ट में कहा गया कि स्विगी के शेयरधारकों ने आईपीओ को हरी झंडी दे दी है। इस आईपीओ में 450 मिलियन डॉलर का फ्रेश इश्यू शामिल होगा। सूत्रों ने कहा कि आईपीओ से पहले एंकर (बड़े) निवेशकों से 750 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

सेबी के गोपनीय मार्ग के माध्यम से आईपीओ के लिए आवेदन किया गया है। गोपनीय मार्ग के तहत कंपनी सार्वजनिक रूप से ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जारी नहीं करेगी। हालांकि, ईटी से स्विगी के प्रवक्ता ने कहा- हम किसी भी बाजार की अटकलों या अफवाहों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। आपको बता दें कि स्विगी दूसरी बड़ी कंपनी है जिसने गोपनीय मार्ग के माध्यम से अपना ड्राफ्ट आईपीओ पेपर दाखिल किया है। सॉफ्टबैंक समर्थित ओयो पिछले साल ऐसा करने वाला पहला प्रमुख स्टार्टअप था।

**10 साल की हुई कंपनी:** स्विगी 2014 में स्थापित हुई थी और इसका बाजार पूंजीकरण 10 अप्रैल, 2024 को 12.7 अरब डॉलर था। कंपनी की वार्षिक आय 31 मार्च, 2023 को 1.09 अरब डॉलर थी। स्टार्टअप के बारे में जानकारी देने वाला वैश्विक मंच ट्रैक्सन के अनुसार, कंपनी में 4,700 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं। वित्त वर्ष 2023 में स्विगी का राजस्व 45 प्रतिशत बढ़कर 8,625 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इसका घाटा बढ़कर 4,179 करोड़ रुपये पर पहुंचा। स्विगी की प्रतिद्वंद्वी जोमैटो है। यह कंपनी साल 2022 में लिस्टेड हुई थी। इस कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2023 में 66 प्रतिशत बढ़कर 7,761 करोड़ रुपये हो गया जबकि घाटा 971 करोड़ रुपये तक कम हो गया।

# जीडीपी की रफ्तार सबसे तेज, दुनिया में मंदी की आशंका घटी

### वित्त मंत्रालय का दावा

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिल रहा है। इसके साथ ही, वैश्विक आर्थिक वृद्धि परिदृश्य एक बार फिर उत्थान की राह पर है। इससे मंदी की आशंकाएं घटी हैं और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी की स्थिति बन रही है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर तनाव चिंता का विषय बना हुआ है।

वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मार्च की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है। यह बताता है कि वैश्विक स्तर पर मुश्किल हालातों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने हाल ही में जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) में 2023-24 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 फीसदी से बढ़ाकर 7.8 फीसदी कर दिया है।




#### चुनौतियों के बावजूद अलग दिख रहा भारत

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में प्रगति के संकेत दिख रहे हैं, लेकिन असमानताएं बरकरार हैं। प्रमुख संकेतक जहां आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि और भू-राजनीतिक तनाव में कमी का इशारा कर रहे हैं, वहीं हाल के संघर्षों से जोखिम पैदा हो रहे हैं। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के साथ अलग दिख रहा है। भारत सभी क्षेत्रों में व्यापक आधार वाली वृद्धि दर्शा रहा है और वैश्विक वृद्धि के समर्थन में अपनी अहम भूमिका का दावा कर रहा है।

#### व्यापार घाटे में आई कमी

वैश्विक सुस्ती से भारत के निर्यात और आयात में नरमी आई है। 2023-24 में वस्तु व्यापार घाटे में कमी आई है। इसकी वजह...आयात की तुलना में निर्यात में कम गिरावट है। हालांकि, गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात ने पिछले कुछ माह में निरंतर वृद्धि के साथ जुझारूपन दिखाया है। विदेशी मुद्रा भंडार : 11 माह के आयात के लिए पर्याप्त देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी अप्रैल, 2024 में सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह भंडार 11 महीने के आयात के लिए पर्याप्त है।

### गो फर्स्ट से जुड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का डीजीसीए को निर्देश




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को निर्देश दिया कि वह गो फर्स्ट एयरलाइंस को पट्टे पर दिए गए अपने विमानों को डी-रजिस्टर करने के लिए कई विमान पट्टेदारों द्वारा भेजे गए आवेदनों का पांच कार्य दिवसों के भीतर निपटारा करे। अदालत ने संकटग्रस्त एयरलाइंस गो एयर की ओर से इन विमानों को उड़ाने पर भी रोक लगा दी।

# मारुति-सुजुकी का मुनाफा 47.8% बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति-सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए। कंपनी ने बताया है कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 47.8% बढ़कर 3,877.8 करोड़ रुपये हो गया है।

कंपनी को बिक्री बढ़ने और कॉमोडिटी की कीमतें सकरात्मक रहने का फायदा मिला है। मारुति सुजूकी इंडिया ने अपनी नियामकीय फाइलिंग में बताया है उसे पिछले साल की मार्च तिमाही में 2,623.6 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। मारुति सुजूकी इंडिया ने बताया ह्लपहली बार, कंपनी ने 2024 में 20 लाख यूनिट्स की वार्षिक कुल बिक्री का मील का पत्थर पार कर लिया है। कंपनी लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष निर्यातक बनी रही और वर्तमान में भारत से होने वाली कुल यात्री वाहन निर्यात में 41.8 प्रतिशत का योगदान दे रही है। मारुति सुजुकी के शेयर शुक्रवार को बंबई शेयर बाजार में 1.7 प्रतिशत टूटकर 12,687.05 रुपये के भाव पर कारोबार करते दिखे।


## खेल

### कोरियाई प्रतिद्वंद्वी जियोन को 6-4 से हराया, तीन वर्ष पहले विश्वकप का स्वर्ण जीती थीं दीपिका

# तीरंदाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचीं दीपिका

**शंघाई (चीन)।** दिसंबर, 2022 में मां बनने के बाद से दीपिका कुमारी के शानदार प्रदर्शन क्रम जारी है। तीन बार की ओलंपियन इस तीरंदाज ने विश्वकप स्टेज-1 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दीपिका ने क्वार्टर फाइनल में कोरिया की जियोन हुनयंग को पिछड़ने के बाद 6-4 से पराजित किया। उनका सेमीफाइनल में सामना एक अन्य कोरियाई तीरंदाज नाम सुहयोन से होगा।

142वीं विश्व रैंकिंग पर फिसल गईं दीपिका रैंकिंग राउंड 30वें स्थान पर थीं। दीपिका जियोन के खिलाफ एक समय 1-3 से पिछड़ी हुई थीं, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए अगले दो सेट जीते और पांचवां सेट पर बराबरी पर रखते हुए 27-28-27-27, 29-28, 29-27, 28-28 से जीत हासिल कर ली। दीपिका ने फरवरी में एशिया कप का स्वर्ण जीता था। उन्होंने अंतिम बार विश्वकप का स्वर्ण पेरिस में 2021 में जीता था।



**ज्योति-अभिषेक मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में :** कंपाउंड तीरंदाजी में भारतीय तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी है। ज्योति सुरेखा और अभिषेक वर्मा ने मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर एक और पदक पक्का कर लिया। ज्योति-अभिषेक ने मेक्सिको की जोड़ी एंड्रिया बेसेरा और मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। फाइनल में दोनों का सामना निचली रैंक के एस्टोनिया की टीम से होगा। रिकर्व के मिश्रित स्पर्धा में अंकिता भक्त और बी धीरज को सेमीफाइनल में कोरिया के लिम और किम वूजिन से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। अब दोनों कांस्य पदक केलिए मेक्सिको की जोड़ी से खेलेंगे।

# पैरा शूटिंग विश्व कप में मोना ने स्वर्ण और आमिर ने रजत पदक पर जमाया कब्जा



**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा-शूटर मोना अग्रवाल ने गुरुवार को कोरिया के चांगवोन में डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि सेना के आमिर अहमद भट्ट ने 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया। मोना ने फाइनल में 250.8 के स्कोर के साथ आर2 -10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्वर्ण पदक जीता।

पिछले महीने नई दिल्ली में विश्व कप में इसी प्रतियोगिता में जीत के बाद यह उनका इस वर्ष का दूसरा विश्व कप खिताब है। स्लोवाकिया की वेरोनिका वाडोविकोवा (250) और स्वीडिश निशानेबाज अन्ना बेन्सन (228.8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

37 वर्षीय मोना फाइनल में अच्छी लय में दिखीं। उनके सभी 24 शॉट 10 अंक से ऊपर थे। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 625.5 अंक हासिल कर पांचवां स्थान हासिल किया। दिसंबर 2021 में शूटिंग शुरू करने से पहले मोना ने शॉट पुट और पावरलिफ्टिंग में राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया था।

### एशियाई अंडर-22 और युवा चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। युवा महिला वर्ग में मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांक्षा (70 किग्रा) देश की चुनौती की अगुवाई करेंगी।

## बिल्डर ने पांच लोगों से फ्लैट देने के नाम पर 77 लाख रुपए हड़पे

**भोपाल।** कोलार इलाके में पांच लोगों की एक बिल्डर ने फ्लैट देने के नाम पर 77 लाख रुपए की चपत लगा दी। पुलिस ने इस मामले में बिल्डर के कर्ताधताओं के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। टीआई आशुतोष उपाध्याय के मुताबिक इटारसी के रहने वाले देवेंद्र कुमार झां निजी नौकरी करते हैं। उन्होंने और उनके साथ करीब चार लोगों ने यूनी होम्स में वर्ष 2013 में फ्लैट बुक किए थे। इतना ही नहीं पांचों लोगों ने बिल्डर के कर्ताधर्ता अमित खनेजा, सुमित खनेजा और एसके अरोरा को करीब 77 लाख रुपए की रकम दी थी। रकम लेने के बाद भी बिल्डर पीड़ितों को ना तो रकम लौटा रहे थे, और ना ही फ्लैट दे रहे थे। इससे परेशान होकर फरियादी ने थाना पुलिस को लिखित में आवेदन शिकायत की थी। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया। हालांकि पुलिस अभी तक आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस का कहना है जल्द ही आरोपित को पकड़ लिया जाएगा।

## बीयू के भौतिकी विभाग में एसी का कमप्रेशर फटने से लगी आग

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय( बीयू )के भौतिकी विभाग में शुक्रवार को आग लग गई।एसी के कम्प्रेसर में स्पार्किंग के कारण ब्लास्ट हुआ, जिस कारण सीलिंग में आग लग गई।उस दौरान विभागाध्यक्ष बैठी थी, जैसे ही ब्लास्ट हुआ।विभागाध्यक्ष बाहर चली गई।आग की जानकारी मिलने के बाद भी कोई प्रशासनिक अधिकारी ने विभाग का दौरा भी नहीं किया।इसमें आग लगने का कारण विभाग का कंप्यूटर सहित जरूरी दस्तावेज जलकर खाक हो गए। विवि प्रशासन ने ना ही पुलिस और ना ही अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। विभाग में जो अग्निशमन यंत्र लगे हैं वह भी दो वर्ष पुराने बताए जा रहे हैं।

### यूपीएससी ने जारी किया परीक्षा कैलेंडर

# अगले वर्ष 11 जनवरी से शुरू होगी यूपीएससी की परीक्षाएं




**भोपाल।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 2025 में आयोजित होने वाली विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए अपना वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रखे उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट ४स्त्र२ू.ड्ड्ढ५.ल्ल के माध्यम से यूपीएससी परीक्षा कैलेंडर 2025 डाउनलोड कर सकते हैं।

यूपीएससी कैलेंडर 2025 में अधिसूचना, आवेदन पत्र और अस्थायी परीक्षा तिथियां शामिल हैं। यूपीएससी परीक्षा कैलेंडर 2025 के अनुसार, शेड्यूल 11 जनवरी, 2025 को आरक्षित यूपीएससी आरटी के साथ शुरू होता है। इसके बाद, संयुक्त भू-वैज्ञानिक (प्रारंभिक) और इंजीनियरिंग सेवा (प्रारंभिक) दोनों 9 फरवरी, 2025 के लिए निर्धारित हैं। एनडीए, एनए 1 परीक्षा 13 अप्रैल, 2025 को आयोजित की जाएगी। कैलेंडर में सीबीआई (डीएसपी) एलडीसीई, सीआईएसएफ एसी (ईएक्सई) एलडीसीई, सीडीएस 1, 2 जैसी अन्य परीक्षाएं भी शामिल हैं।

यूपीएससी की आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है, यदि परिस्थितियों के आधार पर अधिसूचना की तारीखें, परीक्षा आरटी की शुरूआत और अवधि में बदलाव किया जा सकता है। उम्मीदवार नीचे दी गई तालिका में यूपीएससी परीक्षा कैलेंडर 2025 देख सकते हैं।

| परीक्षा | तारीख |
|---|---|
| यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | 11 जनवरी |
| यूपीएससी भू-वैज्ञानिक प्रारंभिक परीक्षा 2024 | 9 फरवरी (रविवार) |
| यूपीएससी ईएसई प्रारंभिक परीक्षा 2025 | 9 फरवरी (रविवार) |
| सीबीआई (डीएसपी) एलडीसीई | 8 मार्च (शनिवार) |
| सीआईएसएफ एसी(ईएक्सई) एलडीसीई-2025 | 9 मार्च (रविवार) |
| यूपीएससी एनडीए, एनए 1 परीक्षा 2025 | 13 अप्रैल (रविवार) |
| यूपीएससी सीडीएस 1 परीक्षा 2025 | 25 मई (रविवार) |
| यूपीएससी सीएसई प्रारंभिक 2025 | 25 मई (रविवार) |
| यूपीएससी आईएफएस प्रीलिम्स 2025 | 14 जून (शनिवार) |
| यूपीएससी आरटी के लिए आरक्षित | 20 जून (शुक्रवार) |
| यूपीएससी आईईएस आईएसएस परीक्षा 2025 | 9 फरवरी (रविवार) |
| यूपीएससी ईएसई मुख्य परीक्षा 2025 | 22 जून (रविवार) |
| यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | 5 जुलाई (शनिवार) |
| यूपीएससी सीएमएस परीक्षा 2025 | 20 जुलाई (रविवार) |
| यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा 2025 | 3 अगस्त (रविवार) |
| यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | 9 अगस्त (शनिवार) |
| सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2025 | 22 अगस्त (शुक्रवार) |
| यूपीएससी एनडीए 2 परीक्षा 2025 | 14 सितम्बर (रविवार) |
| यूपीएससी सीडीएस 2 परीक्षा 2025 | 4 अक्तूबर (शनिवार) |
| यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | 4 अक्तूबर (शनिवार) |
| यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | 1 नवंबर (शनिवार) |
| यूपीएससी आईएफएस मुख्य परीक्षा 2024 | 16 नवंबर (रविवार) |
| एसओ/स्टेनो (जीडी-बी/जीडी-क) एलडीसीई | 13 दिसंबर (शनिवार) |
| यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | 20 दिसंबर (शनिवार) |

### पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना, बोले- जनता समझे सोनिया और राहुल के असल इरादे

# कांग्रेस सत्ता में आई तो लगा देगी विरासत टैक्स : शिवराज सिंह

**भोपाल ।** विरासत टैक्स को लेकर देश से लेकर मध्य प्रदेश में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। भाजपा कांग्रेस के चुनाव जीतने पर विरासत टैक्स लगाने का हिडन एजेंडा को लेकर मुद्दा बना रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और सेम पित्रोदा गुरु-चेले हैं। सेम राजीव गांधी के भी गुरु थे। सेम जैसे लोग कांग्रेस को विचार देते हैं। कांग्रेस यदि सत्ता में आई तो विरासत टैक्स लगा देगी। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति भारत की है, यह अमेरिका की नहीं है। शिवराज बोले कि भारत की संस्कृति को कांग्रेस खत्म करना चाहती है।



### यह देश को जातियों में बांटना चाहते हैं

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विरासत टैक्स पहले था, लेकिन जनता के दबाव में कांग्रेस ने इसे समाप्त किया था। शायद राजीव गांधी जी ने शायद मां की संपत्ति उन्हें मिल जाए। इसलिए इसे हटाया हो। दूसरा यह जातिगत जनगणना अपना मिशन बताते हैं। उन्होंने कहा कि यह देश को कितने टुकड़े और समाज में बांटना चाहते हो। आर्थिक समाजिक सर्वेक्षण की बात होती है। उसके पीछे इनके खतरनाक इरादे हैं। यह देश को जातियों में बांटना चाहते है। इनके इरादे आदिवासी, दलित और ओबीसी के अधिकारों को बांट देने के है। देश की जनता इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी।

**अब किनारा करने से काम नहीं चलेगा:** शिवराज ने कहा कि अब किनारा करने से काम नहीं चलेगा। मैडम सोनिया गांधी हो, राहुल बाबा हो, उनके असली इरादे क्या हैं जनता को बताएं। जातिगत जनगणना और आर्थिक सामाजिक सर्वे और आरक्षण जैसे विषयों पर वो दलित, ओबीसी और आदिवासियों के अधिकार क्यों छीनना चाहते हैं उनको जवाब देना होगा। वरना जनता उनको माफ नहीं करेंगी।

### कांग्रेस प्रत्याशी को मिला महिलाओं का साथ, घर-घर बता रहीं कांग्रेस के वादे

# महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से निजात दिलाने के लिए मांगे वोट, भाजपा की गारंटियों पर किया वार

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल लोकसभा सीट में जहां भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो कर माहौल बनाया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी भी जोर-शोर के साथ प्रचार प्रसार में लगे हैं। अब उनको महिला कांग्रेस का भी सहयोग मिल गया है। महिलाएं घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए वादों को बता रही हैं। महिला कांग्रेस की टीम मतदाताओं द्वार-द्वार कांग्रेस की नीतियों की जानकारी दे रही हैं। भोपाल संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी महिलाओं की टीम ने गुरुवार को दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के मतदाताओं से संपर्क साधा और उनके निवास पर पहुंचकर महंगाई भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से निजात दिलाने कांग्रेस को वोट देने की अपील की। गुरुवार को मतदाताओं के बीच पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा रोज दी जा रही गारंटियों को चुनावी लॉलीपॉप बताया है। श्रीवास्तव ने कहा कि डबल इंजन की यह सरकार लोगों की धार्मिक भावनाओं का सहारा लेकर भ्रम में मतदाताओं को डालकर सत्ता पर काबिज हुए हैं और यह आम चुनाव जहां एक ओर महंगाई भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से राहत दिलाने वाला हो सकता है तो वहीं खतरे में पड़े संविधान को भी आपके एक वोट से बचाया जा सकता है। श्रीवास्तव ने कहा कि 20 वर्ष में जितने भी इस संसदीय क्षेत्र में सांसद हुए सभी की कार्य प्रणाली और निष्क्रियता के चलते भोपाल क्षेत्र का चंहुमुखी विकास थम सा गया है।



**नुक्कड़ सभाओं को भी किया संबोधित:** अरुण श्रीवास्तव ने भोपाल क्षेत्र के बैरसिया इलाके में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर अपना सदन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया और कई इलाकों में कमरा बैठकें ली। ग्रामीण इलाकों में अरुण श्रीवास्तव का मतदाताओं ने स्वागत अभिनंदन किया।

### स्वीप आइकॉन सारिका ने की सबसे मतदान करने की अपील

# 'शादी विवाह खूब मनाना पर मतदान को भूल न जाना'

**भोपाल।** स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने विभिनन ग्रामों , कस्बों तथा नगरों में की गई मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतिम चरण में मतदान के दौरान शुक्रवार को 'शादी विवाह खूब मनाना पर मतदान को भूल न जाना' जैसे संदेश के साथ मतदाताओं को वोट देने के लिये प्रेरित किया ।

सारिका घारू द्वारा मतदान के द्वितीय चरण में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई । इसमें सभी मतदाताओं विशेषकर दिव्यांग, बुजुर्ग, और गर्भवती महिलाओं को मतदान केंद्र तक लाने का प्रयास और मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया । इसके अलावा विवाह कार्यक्रम मे शामिल मतदाताओं के बीच जाकर भी पहले मतदान करने को तैयार किया गया ।




### पीएम मोदी के बयान का कांग्रेस ने दिया जवाब

# कांग्रेस का घोषणा पत्र लेकर चुनाव में उतरी बीजेपी

**भोपाल।** कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत शुक्रवार को भोपाल पहुंचीं। यहां पर उन्होंने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस पार्टी के लिए दिए गए बयान पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है, इसमें हमें लगा था कि प्रधानमंत्री और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व 10 साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखेगा, लेकिन वह तो कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर चुनाव मैदान में उतरा है।

हमने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा है। इसमें भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान देशभर के सभी वर्गों की जो अपेक्षाएं हैं, उन्हें शामिल किया गया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार को लपेटे में लिया है। साथ ही पीएम पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि मैं एक ब्याहता होने के नाते सिर्फ मोदी जी से इतना ही कहना चाहूंगा कि दाम्पत्य का मंगलसूत्र का अपमान न कीजिए। निभा नहीं सकते तो अपमान मत करिए।



### अमित शाह के अचानक भोपाल दौरे पर ली चुटकी

सुप्रिया ने गृहमंत्री अमित शाह के अचानक भोपाल दौरे पर चुटकी ली है। उन्होंने कहा है कि पहले चरण में मध्य प्रदेश में कम वोटिंग से बीजेपी घबरा गई है, इसका साफ संकेत है कि अचानक गृहमंत्री को भोपाल आना पड़ा। चुनाव प्रचार तो केवल बहाना है, ये प्रदेश के नेताओं की क्लास लेने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा साउथ में बीजेपी साफ और नार्थ में हाफ की स्थिति है।

### 10 साल सत्ता में रहने के बाद भी नेहरू को कोसती है बीजेपी

सुप्रिया ने कहा कि हमारे मैनोफेस्टो के बारे में इतना कहा कि लोग डाउनलोड कर रहे है और पढ़ रहे है। केंद्र कि भाजपा सरकार पिछले 10 साल से सत्ता में रहने के बाद भी नेहरू को ही कोसती है। अगर ऐसा ही था तो क्या 10 साल से भाजपा के लोग झुनझुना बजा रहे थे। आगे उन्होंने कहा कि हमने पांच न्याय अपने मेनिफेस्टो में दिए है, जो आपके सामने है और इसे देखते हुए बीजेपी बौखला गई है। भाजपा लोगों को बरगला रही है। सुप्रिया ने कहा कि हमारा न्याय पत्र 5 न्याय के स्तंभों पर आधारित है, जिसमें युवा, नारी, किसान, श्रमिक और हिस्सेदारी शामिल है। युवाओं को न्याय मिलेगा। खाली पदों पर भर्ती होगी। पेपर लीक बंद होगा। कड़े कानून प्रविधान किए जाएंगे।। अग्निवीर जैसी योजना को समाप्त करेंगे। 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को नौकरियों में देंगे। एक लाख रुपये उनके खातों में आएंगे। सुप्रिया ने आगे कहा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों को देंगे। जीएसटी से कृषि उपकरणों को मुक्त करेंगे। किसानों की कर्ज माफी अवश्य करेंगे। श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा दी जाएगी। सामाजिक सुरक्षा कानून लाएंगे। मजदूरी 400 रखेंगे। 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा देंगे।

### यात्रियों को अपने निर्धारित कोच के पास पहुंचकर गाड़ी में चढ़ने में होगी सुविधा

# रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर लगाए कोच गाइडेंस सिस्टम

**भोपाल।** पश्चिम-मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सुविधाओं में निरंतर विस्तार किया जा रहा है। भोपाल मंडल के 15 स्टेशन भोपाल, रानी कमलापति, इटारसी, नर्मदापुरम, विदिशा, संत हिरदा रामनगर, बीना, हरदा, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, शिवपुरी, गंजबासौदा, सांची एवं मंडीबामौरा स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए गए हैं। इससे यात्रियों को अपने निर्धारित कोच के पास पहुंचकर गाड़ी में चढ़ने में सुविधा होगी। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने बताया कि पश्चिम-मध्य रेल ने यात्रियों की सुविधा के लिए 50 स्टेशनों के 142 प्लेटफॉर्मों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए हैं। इन सभी पर शत-प्रतिशत कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए जा चुके हैं। इसके आलावा अन्य कैटेगरी के स्टेशनों पर भी कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए गए हैं। मार्च 2024 तक जबलपुर मंडल के 14 स्टेशनों के 40 प्लटफॉर्मों, भोपाल मंडल के 15 स्टेशनों पर 53 प्लेटफॉर्मों और कोटा मंडल के 21 स्टेशनों पर 49 प्लेटफॉर्मों में कोच गाइडेंस सिस्टम लगाकर यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार किया गया।

जबलपुर मंडल के 14 स्टेशन जबलपुर, मदन महल, करेली, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, कटनी, कटनी साऊथ, कटनी मुड़वारा, मैहर, सतना, रीवा, दमोह एवं सागर स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगे हैं। वहीं कोटा मंडल के 21 स्टेशन कोटा, बारां, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, रामगंज मण्डी, शामगढ़, विक्रम आलोट, बयाना, भरतपुर, श्रीमहावीर जी, हिण्डौन सिटी, सोगरिया, बूंदी, लाखेरी, भवानीमंडी, डकनिया तलाव, छबड़ा गुगोर, इन्द्रगढ़ सुमेरगंज मंडी, सुवासरा, झालावाड़ सिटी एवं चौमहला स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए गए।

### गाइडेंस सिस्टम लगने से रेल यात्रियों को यह होगा फायदा

इस सुविधा के उपलब्ध होने से यात्री गाड़ी आने के पूर्व ही निर्धारित कोच के सामने स्थान पर आकर सामान सहित चढ़ने के लिए तैयार हो जाते हैं। प्लेटफॉर्म पर गाड़ी के समय भीड़-भाड़ एवं इधर-उधर जाने में होने वाली कठिनाई से बचा जा सकता है। कोच के सामने भीड़ को कम करने में काफी मदद होती है। विशेषकर रात्रि के समय डिजिटल प्रभावी कलर युक्त लाइट होने के कारण यह डिस्प्ले बोर्ड यात्रियों को दूर से ही दिख जाते हैं जिससे कोच तक पहुंचने में अत्यधिक सुविधा होती है।

### स्कूल-कॉलेज के रिजल्ट आने के बाद फिर सक्रिय हुए निजी स्कूल और कोचिंग सेंटर, नगर निगम ने किया जुर्माना

# अपने प्रचार के लिए पेड़ों पर कील ठोंक रहे कोचिंग सेंटर

**भोपाल।** राजधानी भोपाल हरियाली के लिए जाना जाता है। भोपाल ऐसा शहर है, जहां हर जगह पेड़-पौधे लगे हुए हैं, लेकिन निजी स्कूल एवं कोचिंग के विज्ञापन के लिए बड़ी संख्या में पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पेड़ों पर कीलें ठोकने से पेड़ धीरे-धीरे खत्म हो रहे हैं। इसकी शिकायत रहवासियों ने नगर निगम से की। शुक्रवार को एक संस्थान पर नगर निगम ने एक हजार का जुर्माना किया है। पेड़ों पर लगे पोस्टर से कोचिंग संस्थानों से संपर्क कर उन्हें चेतावनी दी जा रही है। राजधानी भोपाल के अरविंद विहार, बाग मुगालिया एक्सटेंशन, अमराई बाग सेवनिया आदि जगहों पर पेड़ों पर प्रचार सामग्री लगाने कीलें ठोक रहे हैं। वर्तमान में स्कूल-कॉलेज के रिजल्ट आने के बाद निजी स्कूल और कोचिंग सेंटर फिर सक्रिय हो गए हैं। अपने संस्थान के प्रचार के लिए ये बड़ी तादाद में पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नगर निगम भी अब हरकत में आता दिख रहा है।




स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.ली. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड़, इंदौर (मध्य प्रदेश)पिन- 452011 से प्रकाशित। संपादक - मिलिंद बायवार*। आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117 मो. 07313144237, 83570-89000, Email: mradubhashi.news@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)